हैडलबर्ग सवाल जबाफ

परभुक दिनःपैहचानःमोर एकैथो सान्त्वना

१.सवालः जिन्गि ओ मौतमा तुहार एकैथो सान्त्वना का हो ?

जबाफः कि मै मोर नाइ हुँ,[१]

(मनेमोर) देँह ओ परान,

जिन्गि ओ मौँतमा[२]

मोर बिस्वासमा बर्हिया मुक्तिदाता येसु ख्रिस्तमा[३]

सँग बातुँ ।

उ अपन दामतिरे नाइ सेक्ना खुनसे मोर सक्कु पापके दाम पुरा तिरसेक्ले बातैँ,[४]

ओ महिन भुतनके जालेमसे छुतैले बातैँ ।[५]

उ महिन यिमेरके हेरचाह फेन कैले बातैँ,[६]

मोर मुँरिक एकथो भुत्लाफेन मोर सोरगम रहुइया बप्पाक मनबिना मोर मुँरिमसे नाइ झरि[७]

जात्से, मोर मुक्तिकतन सक्कु काम सँगसँगे कथैँ ।[८]

मै हुँकार हुइलेक ओरसे,

ख्रिस्त हुँकार पबित्र आत्मासे,

महिन कब्बोनाइ मुना जिन्गि पक्का कैदेहले बातैँ[९]

ओ महिन अबसे मनसे तयार ओ तयारिकसँगे हुँकार तन जिना बनैथैँ ।[१०]

(१) १कोर ६:१९-२०; (२) रोम १४:७-९; (३) १कोर ३:२३, तित २:१४, (४) १ पत्र १:१८-१९, १योआ १:७-९,२-२ (५) योआ ८:३४-३६, हिब्रु २:१४-१५, १योआ ३:१-११, (६) योआ ६:३९-४०, १०:२७-३०, २थेस ३:३, १पत्र १:५ (७)मति १०:२३-३१, लुका २१:१६-१८, (८) रोम ८:२८, (९) रोम ८:१५-१६, २कोर १:२१-२२; ५:५, एफि १:१३-१४ : (१०) रोम ८:१-१७

२ सवालः यि सान्तवनाल खिसिम जिना ओ मुँनाकतन तुँ का बुझ्हिक परथ ?

जबाफः तिन बातः

पहिल, मोर पाप ओ दुःख कत्रा बरवार बा,[१]

पहिल, मै कैसिक मोर सक्कु पाप ओ दुःखेमसे

फुकुवा हुइल बातुँ,[२]

तिसर, यि छुतिपाइकतन मै परमेसोरहिन कैसिक धन्यबाद देहना ।[३]

(१) रोमि ३:९-१०, १योआ १:१०, (२) योआ १७:३, प्रे ४:१२; १०:४३, (३) मति ५:१६, रोम ६:१३, एफि ५:८-१०, तिमो २:१५, १पत्र २:९-१०

१ हिँसाः मनैनके खराब अबस्था (दुःख)

परभक दिन २ : पाप

३. सवालः अपन दुःखके बारेम तुँ कैसिक पता पैथो ?

जबाफः परमेसोरके नेम महिन बताइथ ।[१]

(१) रोम ३:२०; ७:७-२५

४. सवालः परमेसोरके नेम हम्रनसे का माङ्गथ ?

जबाफः येसु हम्रन एकर बारेम छोत मेरके मति २२

अध्यायम अइसिक सिखैथैः

परमपरभु अपन परमेसोरहिन अपन सक्कु ह्रिदयसे,

ओ अपन सक्कु सक्तिसे, ओ सक्कु समझसे पिरेम कर्ना ।[१]

सबसे बरवर ओ सुरुक अर्हाइल बात यिहे हो । ओ दोसर फेन ओस्ते बाः

तैँ अपन रानपरिसिन अप्नेहस पिरेम कर्ना ।[२]

सक्कु नेम ओ भविस्यकहुइयनके सिच्छ जर यिहे दुइ अर्हाइल बात होँइ ।

[१]व्यव ६:५ : [२]लेवि

५ सवालः का तुँ यि सक्कु बातेम सच्चमेरके जिस सेक्बो ?

जबाफः अहँ, नाइसेकम ।"

मोर भित्तर परमेसोर ओ मोर रानपरोसिन हेल्हा कर्ना गुने बा ।[२]

[१]रोम ३:९-२०,२३, १ योआ १:८,१०

[२]उत्त ६:५; यर १७:९, रोम ७:२३-२४; ८:७, एफि २:१-३, तित ३:३

परभुक दिन ३: जल्मतिक पाप

६. सवालः का परमेसोर मनैन अस्ते खराब ओ बिग्रल मेरके बनैनै ?

जबाफः अहँ, नाइबनैनै ।

परमेसोर ओइन बर्हिया[१] ओ हुँकार अप्ने रुपमा बनैनै,[२]

ओकर मरलब, जातिक धर्मि ओ पबितर बनैनै,[३]

जेकर ओरसे मनै परमेसोर अपनहिन बनुइयाँ, परमेसोरहिन पक्का कैके चिन्हेँ सेकैँ,[४]

उहिन अपन सक्कु मनसे पिरेम करे सेकैँ,

ओ हुँकार बखान ओ मानकेतन हुँकार सँग कब्बो नाइ ओरैना खुसिम जिएसेकैँ ।[५]

[१]उत १:३१: [२]उत १:२६-२७: [३]एफि ४:२४: [४]कल ३:१०: [५]भज ८

७ सवालः ओइनसिन हो कहलेसे मनैनके बिगरल बानि कहाँसे आइथ ?

जबाफः हमार पैहलेक बप्पादाइ आदम ओ हब्वासे अदनके बगियम करल नाइकर्नाकाम ओ बिनासमसे ।[१]

यि बिनास हमार बानिहिन अत्राधेर खराब बनैले बा[२]

कि हम्रे पापि अवस्थम धिँरहार हुइथि ओ जल्मथिँ ।[३]

| |
|---|
| [१]उत ३:६; [२]रोम ५:१२, १८-१९ ; [३]भज ५१:५, उत:५:३ |

८ सवाल: मने का हम्रे अत्राधेर बिग्रल बाति, कि हम्रे सक्कु पुरा कौनोफेन बर्हिया काम करे नाइसेक्ना बाति ओ सदिमान खराबओर किल झुललरहथि ?

जबाफः हो,[१] जबतक हम्रे परमेसोरके आत्मासे लावा हुके नाइ जल्मथि, तबतक हम्रे खराबेओर किल झुललरहथि ।[२]

| |
|---|
| [१]उत ६:५; ८:२१: अय् १४:४, यसै ५३:६ : [२]योआ ३:३-५ |

परभुक दिन ४: धामिक सजाय

९ सवालः मने जौन नेम हम्रे माने करे नाइ सेक्थि उहिन पुरा कर्ना माङ्ग कैके का परमेसोर हम्रन पर अन्याय नाइ कैलेहोइँ का ?

जबाफः अहँ, नाइ । परमेसोर मनैक जातन नेम माने सेक्नामेरके बनैनै ।[१]

तभुनफेन, ओइँ खराबके मजहम परगिनै,[२]

जनजन्ति नाइमानके[३] ओइँ अप्ने ओ अपन सक्कु लर्का बच्चैँ यि बरदान हेरवादरनैँ ।[४]

| |
|---|
| [१]उत १:३१, एफि ४:२४: [२]उत३:१३, योआ ८:४४: [३]उत ३:६ [४]रोम ५:१२,१८,१९ |

१०. सवाल: का परमेसोर अइसिन नाइ मन्ना ओ बिरोधहिन बिनासजायक छोरथैँ ?

जबाफः पक्कै फेन नाइछोथैँ ।

हम्रे जल्मतिकि लैके आइल हमार पाप, सँगे हम्रे अप्नहिँ  करल पापसे उ बरा दिकियाइल बातैँ ।

एक सच्चा न्यायकरुइयक रुपमा उ ओइन अब्बै ओ कब्बोनाइ ओरैना सजाय देथैँ ।[१]

उ अइसिक कैहसेक्ले बातैः

“नेमेक पोथिम लिखल सक्कु बात माने नाइसेक्ना सक्कु स्रापित होँइ ।”[२]

[१]·प्रस ३४:७, भज ५:४-६, नेह १:२, रोम १:१८, एफि ५:६, हिब्रु ९:२७ [२]·गला ३:१०, व्य २७:२६

११ सवालः मने का परमेसोर मैगर फेन नाइहोँइ का ?

जबाफः पक्कैफेन परमेसोर मैगर बातैँ,”

मने उ न्याय करुइया फेन होँइ ।[२]

हुँकार न्यायसे यि माङ करथ,

कि हुँकार सबसे बरवार सामथ्यक बिरोधेम करल सक्कु पापेक कर्रा सजायसहित देँह ओ परान कब्बोनाइ ओरैना सजाय पाइक परि ।[३]

[१]प्रस. ३४:६-७, भज १०३:८-९ ; [२]प्रस ३४:७, व्यव ७:९-११, भज ५:४-६, हिब्रु १०:३०-३१ ; [३]मति २५:३५-४६

हिँसाः २ फुकुवा/ मुक्ति

परभुक दिन ५: प्रायस्चित (मुक्ति पाइकतन कर्ना काम)

१२. सवालः परमेसोरके धर्मि न्यायहस, हम्रे अब्बै ओ कब्बोनाइ ओरैना सजाय पैनामेरके बातिः मने अब हम्रे यि सजायमसे उम्के ओ परमेसोरके दयामा कैसिक लौते सेकब ?

जबाफः परमेसोर चहथैँ कि हुँकार न्याय खुसि पारचाइ ।[१]

उहेमारेसे हम्रनसे कितो औरे कोइ दोसर मनैनसे

हुँकार माङ्गल न्याय पुरा तिर्हिक परथ ।[२]

[1]प्रेस २३:७, रोम २:१-११; [2]यसै ५३:११, रोम ८:३-४

१३. सवालः का हाम्रे अप्नहिँ यि तिरे सेक्बि ?

जबाफः पक्कै फेन नाइसेकब ।

जात्से, हम्रे हमार अर्धम रोजदिन बर्हैथि ।[1]

[1]मति ६:१२. रोम ३:४-५

१४. सवाल: का हमारतन औरे कौनो परान हुइल जिब जन्तुनसे यि अर्धमक रिन तिरदेहे सेकथ ?

जबाफः अहँ, नाइसेकि ।

पहिल,

परमेसोर मनैनके खोतके ओरसे आउर परान हुइल जिब जन्तुन सजाय नाइ देहना हो ।[1]

उ छोरके,

कौनो फेन परानहुइल जिब जन्तुसे पापेक बिरोधेम परमेसोरके कब्बु नाइ ओरैना डिकेक बोझ बोको नाइ सेक्हिँ ओ औरेहिन यि अधर्मक रिनसे छुत्कार नाइ सेकि ।[2]

[1]इज १८:४,२०, हिब्रू २:१४-१८ ; [2] भज ४९:७-९; १३०:३

१५. सवालः ओइसिन हो कहलेसे, हम्रे कैसिन मेरके मिलमिलाप करुइया ओ मुक्ति देहुइया खोजेक परथ ?

जबाफः एकथो ओइनसिन जे सच्चा मनै[1] ओ सौ मा सौ धर्मि,[2]

मने सक्कु परानहुइल जिव जन्तुनसे सक्तिसालि मतलब, एकथो मनैं जे सच्चा परमेसोर फेन होँइ ।[3]

[1]रोम १:३, १कोर १५:२१, हिब्रु २:१७ [2]यसै ५३:९, २कोर ५:२१, हिब्रु ७:२६ [3]यसै ७:१४; ९:६, यर२३:६, योअ १:१

परभुक दिन ६ : मिलमिलाप करुइया

१६. सवालः काकरे यि मिलमिलाप करुइया सच्चा मनै ओ धर्मि मनै हुइक परथ ?

जबाफः मनैनके बानि (गुन), जे पाप कैले बा ,

जे अपन पापके दाम तिर्हिक परि कैहके

परमेसोरके न्यायसे माङ्ग करथ[१]

मने एक पापिसे औरे पापिनके दाम कब्बु नाइ तिरेसेकि ।[२]

[१]·रोम ५:१२; १५:१,१ कोर १५:२१, हिब्रू २:१४-१६; [२]·हिब्रू ७:२६-२७, १ पत्र ३:१८

१७. सवालः काकरे मिलमिलाप करुइया सच्चा परमेसोर हुइहिक परथ ?

जबाफः काकरेकि,

मिलमिलाप करुइयक इसोरिय सक्तिसे,

उ अपन मनैकरुपमा परमेसोरके रिसके बोझ बोके सेकैँ

ओ हमार तन धार्मिकता[ख] ओ जिन्गि पाइकतन ओ फेन बनाइ सेकैँ ।[१]

[१]यसै५3: योअ 3:१६. [२]कोर ५:२१

१८. सवालः ओइसिन हो कहलेसे यि मिलमिलाप करुइया के होँइ- जे सच्चा परमेसोर ओ एक्कै जुनमा सँच ओ धर्मि मनै फेन होँइ ?

जवाफः परभु येसु ख्रिस्त[१] हमार मिलमिलाप करुइया होँइ, जे हम्रन पुरारुपसे सोतन्त्र कराइ ओ परमेसोरकेसँग हमार सम्बन्ध थिक बनाइकतन हम्रन देहल बा ।[२]

[१]मति १:२१-२३, लुका २:११, १ तिमो २:५, [२]१को १:३०

१९. सवालः तुँ यि बात कैसिक पता पैथो ?

जवाफः पबित्र खुसिक खबर महिन बताइथ । परमेसोर खुधअप्नहिँ यि खुसिकखबरहिन अदनके बगियम देखाइ सुरु कैनै,[१]

पाछे, उ पवित्र पुर्खन[२] ओ भविस्यकहुइयनसे,[३]

यिहिम बता देहनै,

ओ भोग[घ] ओ नेमेक आउर धर्मक चाल-चालनसे, यिहिन कहलहस[ङ] बनैनै,[४] सबसे पाछे उ अप्ने पुत्वासे यिहिन पुरा कैनै ।[५]

[१]उत ३:१५: [२]उत २२:१८; ४९:१० : [३]यसै ५३, यर २३:५-६, मिका ७:१८-२० प्रे १०:४३, हिब्रु १:१-२, [४]लेबि १:७, योआ ५:४६, हिब्रू १०:१-१० [५]रोम १०:४, गल ४:४-५, कल २:१७

परभुक दिन ७: बिस्वास/प्रेरितनके बिस्वासके खास बात

२०. सवालः जैसिक आदमसे (आदमके ओरसे) सक्कुजे मुवल रहैं का ओस्तहिँके ख्रिस्तसे सक्कुजे बचाजैथैं तो ?

जबाफः अहँ, नाइ ।

ओइँ केल बचाउजैथैं जे पक्का बिस्वासे ख्रिस्तमा कलम कैल बातैं ओ हुँकार सक्कु आसिसहिन मन्ले बातैं ।[१]

[१]मति ७:१४, योआ ३: १६, १८, ३६, रोम ११:१६-

सवालः पक्का बिस्वास का हो ?

जबाफः पक्का बिस्वास कहलेक परमेसोरसे अपन अँख्रा सहजे करैलेक सक्कु बात सँच होँइ कहना बातेक ज्ञान ओ बिस्वासकेल नाइ,[१]

यि सक्कुन मनके भरोसा फेन हो,[२]

जौन मोरमा पबित्र आत्मासे[३] खुसिकखबरसे बनागिल बा, परमेसोर ओरैना धार्मिकता ओ बचाउ[छ] ओस्ते देहले बातैं । यि सक्कु ओस्तेपैलेक पौहरा खालि ख्रिस्तहिन पैलेक ओरसे किल दैजाइथ ।[७]

[1]योआ १७:३, हिब्रु ११:१-३, याक २:१९ : [2]रोम ४:१८-२१; ५:१; १०:१०, हिब्रु ४:१४-१६, [3]मति १६:१५-१७, योअ ३:५; प्रे १६:१४: [4]रोम १:१६; १०:१७; १कोर १:२१, [5]रोम ३:२१-२६, गला २:१६, फकि २:८-१० गलाति २:२० : [6]रोम १:१७, हिब्रु १०:१०

२२. सवालः तब एक बिस्वासि (इसाइ) कौन बातेम बिस्वास कर्हिक परथ ?

जबाफः परमेसोर हम्रन खुसिकखबरमा कबुल कैलेक सक्कु बात ।[1]

जौन बात हमार दुनियाभर ओ एकैमनके बिस्वासि (इसाइ) बिस्वासके खास बातेक ओरसे छोतमेरसे सिखाइल बातेम बिस्वास करेक परथ ।

[1]मति २८:१८-२०, योआ २०:३०-३१

२३. सवालः यि बिस्वासके खास बात का-का होइँ ?

जबाफः मै बिस्वास कर्थु, एकथो परमेसोर सबसे सक्तिमान बप्पा,

सोर्ग ओ भुँइया बनुइयँक पर ।

ओ हुँकार एक्कैथो पुत्वा, हमार परभु येसु ख्रिस्तके पर, जे पबित्र आत्मासे धिँरहार (गुरु) हुइनै,

ओ कन्याँ मरियमसे जममनैं,

जे पन्तियस पिलातसके इसारम दुःख भोग्नै,

जे कुरुसेम तङ्गुवा पैनै, मुवाँ पैनै, ओ पँत्वा पैनै,

उ नरकेम उतरनै ।

तिसर दिनेम उ मुँवलमसे जि उथनै,

सोर्गम चहरगैनै,

ओ सबसे सक्तिसालि परमेसोर बप्पक दाँहिन हाथेओर बैथल बातैं ।

जत्थासे उ जित्ति ओ मुँवँल मनैनको न्याय करे फेन अइहिँ ।

मै बिस्वास कर्थुँ, पबित्र आत्मापर,

दुनियाँ भरिक पबित्र मन्दलिपर,

पबित्र मनैनके सङ्गतिपर,

पाप छेमापर फेनजिउथाइम,

ओ कब्बोनाइ मुना जिन्गिपर । आमिन ।

परभुक दिन ८ : तिनु एक्कै

२४. सवालः बिस्वासके यि खास बातहिन कैसिक बाँतल बातैँ ?

जबाफः तिन हिँसम बाँतल बातैः

परमेसोर बप्पा ओ बनुइयाँ

पुत्वा परमेसोर ओ हमार बचाउ, पबित्र आत्मा परमेसोर र हमार सुद्धिकरण (चोखाकरैना)

२५. सवालः यिहेमारे परमेसोर एक्कैथो रहलेसेफेन,[१] काकरेकि तुँतिन मनैः बप्पा, पुत्वा ओ पबित्र आत्मक बात बत्वैथो ?

जबाफः काकरेकि ओस्तहिँके परमेसोर अपनहिन हुँकार अँख्रम देखैले बातैः[२]

यि तिन दोसर मनै एक, सँच, सदिमानके परमेसोर होइँ ।

[१]·व्य ६:४, १कोर ८:४,६, [२]मति ३:१६-१७; २८:१८-१९, लुका ४:१८, यसै ६१:१०, योआ १४:२६; १५:२६, २कोर १३:१४, गला ४:६, तित ३:५-६

हिँसा २: बचाउ- परमेसोर बप्पा

परभुक दिन ५ : बनाइल

२६. सवालः तुँ "मै बिस्वास कर्थूँ एक परमेसोर सबसे सक्तिसालि बप्पा, सोर्ग ओ भुँइयाँ बनुइयँक पर" कैहके बिस्वास कर्ना कहलेक का हो ?

जबाफः हमार परभु येसु ख्रिस्तके सदिमानके बप्पा,

जे कुच्छुनाइ हुइलमसे सोर्ग ओ भुँइयाँ,

ओ ओमाहुइल सक्कुचिज बनैनै,[१]

जे अपन कब्बोनाइ ओरैना सोँच[च] ओ पैहलहिँ सुरसार करलहस,

यि सक्कु बातहिन थम्हथैँ ओ राज कथैँ,[२]

पुत्वा ख्रिस्तके ओरसे उ मोर परमेसोर ओ बप्पा होँइ ।[३]

मै हुँकारमा अत्र भरोसा कर्थुँकि कौनो फेन बातेम सङ्का नाइ कर्थुँ,

मोर देँह ओ परानहिन चहना सक्कुचिज उ जुतादिहिँ,[४]

ओ यि दुःखि दुनियम हुँकार पथाइल सक्कु बिपतहिन

उ मोर मजकतन बदलदिँहिँ ।[५]

काकरेकि परमेसोर सबसे सक्तिसालि हुइलेकओर परमेसोर यि सक्कु काम करे सेक्थैँ,[६]

काकरेकि परमेसोर एक्कैथो बिस्वासयोग बप्पाहोँइ यिहेमारे यि काम करे चहथैँ ।[७]

परभुक दिन १० : पैहलहिँक कैल सुरसार

२७. सवालः परमेसोरके पैहलहिँक सुरसार कैहके तुहुरे का बुझ्थो ?

जबाफः सुरसार कहलेक,

परमेसोरके सबसे सामथ्य ओ कब्बुनाइ ओरैना सक्ति[१]

जिहिनसे उ अप्नेहाँथेसे थामहलहस कैके,

सोर्ग ओ भुँइयाँ ओ सक्कु परानहुइलहिन थम्हथैँ,[२]

ओ ओइन राज कथैँ ।

जात्से रुखुवा ओ पात पतिङ्गर,

झापस ओ सुक्खा,

छिच्छालेदर ओ भुँखाहुर,

खैना ओ पानि,

चिक्कन ओ बेराम

धनि ओ गरिब_[३]

यि सक्कु चिज, हम्रनथन मौँकासे फेन नाइआइथ[४]

मने बप्पक हाँथेसे आइथ ।[५]

| |
|---|
| [१]यर २३:२३-२४, प्रे १७:२४-२८ : [२]हिब्रु १:३ [३]यर ५:२४, प्रे १४:१५-१७, योआ ९:३, हितो २२:२, [४]हितो १६:३३, [५]मति १०:२९ |

२८. सवालः परमेसोरके बनाइ ओ पैहलहिँक कैल सुरसारके ज्ञानसे हम्रन कैसिक सहेता करथ ?

जबाफः जौन बात हमार सौँचलसे उत्ता हुइथ तब हम्रे धिरज करे सेक्थि,[१]

जब बात हमार सौँचलहस हुइथ तब हम्रे मानपैना मेरके हुइथि, [२]

ओ पाछेकतन हम्रे हमार बिस्वासयोग्य परमेसोर ओ बप्पकमा भरोसा करे सेक्थि

कि कौनो फेन बातसे हम्रन हुँकार मायासे अल्गेकराइ नाइसेकि ।[३]

सक्कु परानहुल सक्कु हुँकारे हाँथेम बातैँ ओ हुँकार मन बिना ओइँन न तो हिलथै दोल्थैँ न तो हिलाइदोलाइ सेकजाइथ ।[४]

| |
|---|
| [१]अयु १:२१-२२, याक १:३: [२]व्य ८:१०, १ थेस ५:१८, [३]भज ५५:२२, रोम ५:३-५: ८:३८-३९: [४]अय १:१२. २:६. हितो २१:१. प्रे १७:२४-२८ |

हिँसा २ : बचाउ - पुत्वा परमेसोर

परभुक दिन ११ : येसु

२९. सवालः काकरे परमेसोरके पुत्वाहिन येसु ख्रिस्त कैहगिल जेकर मतलब मुक्तिदेहुइया हो ?

जबाफः काकरेकि उ हम्रन हमार पापसे बचैथैँ ।[१]

छुतकार केक्रोम नाइ खोजेक परथ ओ औरे केक्रोम फेन नाइ पाइसेकजाइथ ।[२]

| |
|---|
| [१]·मति १:२१, हिब्रू ७:२५ : [२.यसै] ४३:११, योआ १५:५, प्रे ४:११-१२, १ तिमो २:५ |

३०. सवालः जे अपन छुत्कारा ओ बचेकतन सज्जन मनैनमा, अप्नेम, कितो औरे केहरु हेरथै कहलेसे का ओइँ पक्कै येसु एक्कैथो मुक्तिदेहुइया होँइ कैहके बिस्वास कथैँ ?

जबाफः अहँ, नाइकरथैँ ।

तभुनफेन ओइँ उ के होइँ कैहके दाबि कर्लेसे फेन, ओइनके कामसे ओइँ एक्कैथो मुक्तिदेहुइया ओ छुत्कारा करुइया, येसुहिन नाइ मन्थैँ ।[१]

कि तो येसु पक्का मुक्तिदेहुइया नाइ होँइ,

मतलब उ जे पक्का बिस्वाससे यि मुक्तिदेहुइयाहिन मानथ कहलेसे ओइन मिक्तिकतन चहना सक्कुचिज हुँकारेम पैथैँ ।

| |
|---|
| [१]१कोर १:१२-१४, गला ५:४: [२]कल १:१९-२०; २:१०, १योअ १:७ |

परभुक दिन १२ :ख्रिस्त

३१. सवालः काकरे उहिन “ख्रिस्त” कैगिल, जेकर मतलब “अभिसेक कैल बातैँ ?

जबाफः काकरेकि उ हमार खास भबिस्यकहुइया ओ मस्तरुवा[२] हुइकतन

परमेसोर बप्पासे चुनल ओ पबित्र आत्मासे अभिसेक हुइल बातैँ[१]

जे हमार छुत्कारकतन परमेसोरके नुकल बात ओ सोँच हमारपर पुरा करैथै;[३]

हमार एक्कैथो खास बर्का पुजेरुवा ।[४]

जे हम्रन हुँकार अप्ने देँहेक भोगसे हम्रन फुकुवा कैले बातैँ,[५]

ओ जे सदिमान महारतन बप्पक आगे चिरौरि करथैँ,[६]

ओ हमार सदिमानके रज्वा[७]

जे हम्रन हुँकार अँरवा ओ आत्मासे राज कथैँ,

ओ हमार तन जितसेकके फुकुवकतन

हम्रन जोगैथैँ ओ बचेथैँ ।[८]

[१]लुका ३:२१-२२; ४:१४-१९, यसै ६१:१० हिब्रु १:९ : [२]प्रे ३:२२, व्य १८:१५० ; [३]योआ १:१८; १५:१५: [४]हिब्रु ७:१७, भजन ११०:४०; [५]हिब्रु ९:१२; १०:११-१४; [६]रोम ८:३४, हिब्रु ९:२४; [७]मति २१:५, (जक ९:९) [८]मति २८:१८-२०, योआ १०:२८, प्रका १२:१०-११

सवालः मने तुहिन काकरे इसाइ कैहके बलाजाइथ ?

जबाफः काकरेकि बिस्वाससे मै ख्रिस्तके एक आङ्ग हुँ,[१]

ओ उहेमारे मै हुँकार अभिसेकके हकदार हुइल बातुँ ।[२]

हुँकार नाउँक मान कर्ना,[३]

अप्नेहिन हुँकार आगे मान कर्नामेरके जित्ति भोगञ के रुपमा देखाइक तन,[४]

यि जिन्गिम पाप ओ सैतानके (भुतनके) बिरोधेम हुँसियारसे लरेकतन,[५]

ओ एकरपाछे ख्रिस्तके सँग सक्कु बनाइलमा कब्बुनाइ ओरैना राज करेकतन मै अभिसेक हुइल बातुँ ।

३२. सवालः मने तुहिन काकरे इसाइ कैहके बलाजाइ ?

जबाफः काकरेकि बिस्वाससे मै ख्रिस्तके एक आङ्ग हुँ,[१]

हुँकार अभिसेकके ए हकदार हुइल बातुँ ।[२]

हुँकार नाउँक मान कर्ना,[३]

अप्ने कर्नामेरके जित्ति भोगञ के रुपमा देखाइक तन,[४]

यि जिन्गिम पाप ओ सैतानके (भुतनके) बिरोधेम हुँसियारसे लरेकतन,[५]

ओ एकरपाछे ख्रिस्तके सँगे सक्कु बनाइलमा कब्बुनाइ ओरैना राज करेकतन मै अभिसेक हुइल बातुँ ।

[1]·१कोर १२:१२-२७; [2]प्रे २:१७ (योए २:२८), १योआ २:२७: [3]मति १०:३२, हिब्रु १३:१५: [4]रोम १२:१, १ पत्र २:५,९: [5]गला ५:१६-१७, एफि ६:११, १तिमो १:१८-१९, [6]मति २५:३४, २तिमो २:१२

परभुकदिन १३:हमार परभु

३३. सवालः काकरे उहिन परमेसोरके "एक्कै थो पुत्वा" कैहजाइथ जबकि हम्रे फेन हुँकार पुत्वा बितिया हुइ ?

जबाफः काकरेकि ख्रिस्त केल परमेसोरके एकथो कब्बोनाइ ओरैना, जल्मतिक पुत्वा औंइ ।[1]

मने हम्रेभर ख्रिस्तसे ओस्ते पैलेक परमेसोरके लर्कक रुपमा मानल पुत्वाबितिया हुइ ।[2]

[1]योआ १:१-३, १४, १८, हिब्रु १: [2]रोम ८:१४-१७, एफि १:५-६

३४. सवालः तुँ काकरे उहिन "हमार परभु" कैहके बोल्थो ?

जवाफः काकरेकि_

सोन ओ चाँदिसे नाइ,

मने हुँकार पाप ओ सैतानके एकलौति हुकुमसे[2]

फुकुवा करैनै,

ओ हम्रन देँह ओ परानमा,

हुँकार अप्ने हुइकतन[3] लेहनै ।

[1]·१पत्र १:१८-१९: [2]कल १:१३-१४, हिब्र् २:१४-१५: [3]१ कोर ६:२०, १तिमो २:५-६

परभुक दिन १४: ख्रिस्तके जलम

३५.सवाल: उ "पबित्र आत्मासे धिँर्हार (गरु) हुइनै

ओ कन्या मरियमसे जल्मनै" कहनक मतलब का हो ?

जबाफ : परमेसोरके एक्कैथो सदिमानके पुत्वा

जे सच्च ओ सदिमानके परमेसोर होँइ ओ रहिहिँ,[१]

उ पबित्र आत्माक कामसे[३]

कन्या मरियामके खुनओ माससे,

अप्नेमा एक सच्चा मनैक रुप धारण कैनै[२]

मनोकि उ पाप छोर्के आउर सक्कु मेरसे,

अपन दादाभैयनहस[५] दाउदके सच्चा लर्का बनेसेकल होस ।[४]

| |
|---|
| १योआ १:१, १०:३०-३६, प्रे १३:३३(भज २:७), कल १:१५:१७, योआ ५:२०: [२]लुका १:३५ [३]मति १:१८-२३, योआ १:१८-२३, योआ १:१४, गला ४:४, हिब्रु २:१४: [४]२सामु ७:१२-१६, भज १३२:११. मति १:१. रोम १:३: ५फिलि २:७. हिब्र २:२७: [६]हिब्र ४:१५: ७:२६-२७ |

३६. सवालः ख्रिस्तके पबित्र धिँर्हार (गरु) ओ जलमसे कैसिक तुहिन निक कराइथ ?

जबाफः उ हमार मिलमिलापकरुइया होइँ, १

ओ हुँकार निदोस ओ सिद्ध पबित्रतासे

उ परमेसोरके लजरसे

धिँर्हार (गरु) हुलधरिमसे हुइल मोर पाप हतैथैँ ।[२]

| |
|---|
| [१]१तिमो २:५-६, हिब्रु ९:१३-१५: [२]रोम ८:३-४, २कोर ५:२१ गल ४:४-५, १पत्र १:१८-१९ |

परभुक दिन १५: ख्रिस्तके कस्त

३७. "दु:ख भोग्नै" कहना अँख्राहिन तुँ कैसिक बुझ्यो ?

जबाफः भुँइयम रहेबेर हुँकार सक्कु जिन्गि,

आउर खास कैके जिन्गिक पाछे घरिओर,

ख्रिस्त अपन देँह ओ परानमा

मनैकतनके बिरोधक परमेसोरके रिस[१] बोक्नै ।

हुँकार कस्तै एक्कैथो पबोत्र प्रायस्चितके भोगसे,[२]

उ हमार देँहओ परानहिन

कब्बोनाइ ओरैना दब्दसे फुकुवा कराइकतन[३]

परमेसोरके पिरिम,

धार्मिकता,

ओ कब्बोनाइ मुना जिन्गि[४]

हमारतन पाइकतन दुःख भोग्नै ।

[१]यसै ५३, १पत्र २:२४, ३:१८: [२]रोम ३:२५, हिब्रु १०:१४, १योआ २:२; ४:१० [३]रोम ८:१-४, गला ३:१३: [४]योआ ३:१६. रोम ३:२४-२६

३८. सवालः काकरे उ न्यायकरुइया "पन्तियस पिलातसके इसारम दुःख" भोगेक परल ?

जबाफः मनोकि उ, निर्दोस हुइलसे फेन, एकथो देसके मनैयाँ न्याय करुइयासे दोस थहरे सेकैँ,[१]

ओ हमारपर अइना परमेसोरके चिम्मर (कर्रा) न्यायसे हम्रन फुकुवा कराइ सेकैँ ।[२]

[१]लका १३:२३-२४. योआ १९:४. १२-१६: [२]यसै ५३:४-५. २कोर ५:२१. गला ३:१३

३९. सवालः उ औरे मेरसे मुनक सतहा " कुरुसेम मुब खास कैकेका बा ?

जबाफः हो, यि खास बा ।

यि मेरके मौँतसे

मोरपर धारल स्राप उ अप्ने कन्धम बोक्नै कहना बातेक बिस्वास महिन देहथ

काकरेकि कुरुसेम तँगैना परमेसोरके ओरसे स्राप हो ।[१]

[1]गला २:१०-१३ (व्य २१:२३)

४०. सवालः काकरे ख्रिस्त मौँतके कस्तै भोग्ना जरुरिरहे ?

जबाफः काकरेकि परमेसोरके न्याम ओ सच्चासे ओकर माङ्ग करथः[1]

परमेसोरके पुत्वक मौतकेल हमार पापके दाम तिरे सेके (सेकथ) ।[2]

[1]उत २:१७: [2]रोम ८:३-४, फिलि २:८; हिब्रू २:९

४१.सवालः ख्रिस्त हमार तन मुँ सेक्लेसेफेन अभिनफेन काकरे मुँयँक परथ ?

जबाफः हमार मौँत हमार पापके रिन चुक्ता नाइ (चुकाइथ) करथ ।[1]

मने यि पाप लगातार कर्तिरहना हिन ओरवाइथ

४२. सँग यि हमार कब्बोनाइ ओरैना पेल्ना दुवार हो ।[2]

[1]भज ४९:७: [2]योआ ५:२४. फिलि १:२१-२३. १थेस ५:९-१०

४३. सवालः ख्रिस्तके कुरुसके भोगसे ओ मौँतसे हम्रे आउर का-का बर्हिया चिज लेहे सेक्थि ?

जबाफः ख्रिस्तके  सक्तिसे हमार पुरान रानिबानि कुरुसेम ताँङ्गल, मुवाँल ओ हुँकारे सँगे पाँतल बातैँ[1]

मनोकि देँहेँक खराब लोभलालचसे अबसे राज नाइकरि[2]

मने ओकर सतहम हम्रे अप्ने अप्नेहिन हुँकार आगे लरमहोके भोग चर्हाइसेकि ।[3]

[1]रोम ६:५-११. कल २:११-१२: [2]रोम ६:१२-१४: [3]रोम १२:१. एफि ५:१-२

४४. सवालः काकरे बिस्वासके खास बातसे "उ नरकमा उत्रनै" कहना अँख्रा थपल बा ?

जबाफः मोर अपन सङ्कस्त ओ मजहम महिन बिस्वास कराइक, ख्रिस्त मोर परभुसे,

खास कैके कुरुसेम मने उहिनसे अगार फेन,

महिन नरकके सजाय ओ पिरसे दुरकरैले बातैँ ।[1]

[1]यसै ५३, मति २६:३६-४६; २७:४५-४६, लुका २२:४४, हिब्रु ५:७-१०

परभुक दिन १७: ख्रिस्तके जिउथाइ

४५. सवालः कैसिक ख्रिस्तके जिउथाइसे हम्रन निक करथ ?

पहिल, जिउथाइसे उ मौतहिन जितसेक्ले बातैं,

मनेकि उ हम्रन धामिकतक हकदार बनाइ सेकैं

जौन हमार तन उ अपन मौतसे नानदेहे बातैं ।[1]

दोसर, हुँकार सक्तिसे हम्रे फेन अगरहिँसे लावा जिन्गिम जिउथाइ हुइगिल बाति ।[2]

तिसत, ख्रिस्तके जिउथाइ हमार महिमित  जिउथाइक पक्का हो ।[3]

[1]रोम ४:१५, १कोर १५:१६-२०, १पत्र १ ३-५: [2]रोम ६:५-११, एफि २:४-६; कल ३:१-४ [3]रोम ८:११, १कोर १५:१२-२३, फिलि ३:२०-२१

परभुक दिन १८: ख्रिस्तके सोर्गजवाइ

सवालः "उ सोर्गम चर्हगैनै" कहलेक मतलब का हो ?

जबाफः जब हुँकार चेल्वैं हेर्ति रहैं,

तब ख्रिस्त भुँइयँमसे सोर्गओर लैगिनै[1]

ओ जित्तिनके ओ मुवँलके न्याय करे फेर नाइ आइततक,[2] उ ओत्था हमार निककरेकतन रहहिँ ।[3]

१लुका २४:५०-५१, प्रे १:९-११: [2]प्रे १:११ [3]रोम ८:३४, एफि ४:८-१० हिब्रु ७:२३-२५; ९:२४

४७. सवालः मने का हम्रन कौल करलहस दुनियाँक पाछेतक हमार सँग नाइ रहहिँतो ?[1]

जवाफः ख्रिस्त जात्से मनै ओ जात्से परमेसोर होइँ । हुँकार मनैक रानिबानिम ख्रिस्त अब्बै भुइयम नाइ होइँ[2]

मने हुकार इसोरत्व, ऐसोर, अनुग्रह, ओ आत्मामा हुँकार एक घरि फेन हम्रन सँग छोरके अन्ते नाइ होइ ।[3]

[1]मति २८:२०: [2]प्रे १:९-११; ३:१९-२१: [3]मति२८:१८-२०, योआ १४:१६-१९

४८. सवालः मने हुँकार मनैक रानिबानिम इसोरके रानिबानि हुइल जग्गम नाइ रहिकहलेसे, तब का यि ख्रिस्तके दुइ रानिबानि एक औरेम अल्गे-अल्गे बातैँ कहना नाइ बतैथ ?

जबाफः पक्कै फेन नाइ बताइथ ।

हुँकार इसोरत्व थोरे नाइ हो

ओ सक्कु जग्गम पुगे सेक्ना बाकि

ख्रिस्तके इसोरत्व पक्कै फेन उ लेहलेक ओरसे

मनैनके रानि बानिसे बरवार बा,

हुँकार इसोरत्व हुँकार मनैनके रानिबानि बसेर लेहथ ओ एकथो मनैक रुपमा एकैम मिलल रहथ ।[२]

[१]यर २३:२३-२४, प्रे ७:४८-४९(यसै६६:१): [२]योआ १:१४; ३:१३, कल २:९

४९. सवालः ख्रिस्तके सोर्गमजवाइ हम्रन कैसिक निक करथ ?

जबाफः पहिल, उ सोर्गम बप्पक आगे हमार ओरसे चिरैरि करथैँ ।[१]

दोसर, हमार अप्ने देँह सोर्गम हुइनाभर ख्रिस्त जस्ते हमार मुँरि होँइ,

उ अपन मनैन

अपन सँगै सोर्ग, लैजैथैँ ।[२] एकथो पक्का कौल हो ।

तिसर, उ अपन आत्माहिन भुँइयँम

अभिन पक्का बर्हियक तान पथैथैँ ।[३]

आत्मक सक्तिसे

हम्रे हमार बातेम नाइ

मने सोर्गक बातेक सोँच बनैँथि जत्था ख्रिस्त बातैँ, ओ बप्पक दाँहिन हाँथओर बैथल बातैँ ।[४]

[१]रोम ८:३४, १योआ २:१: [२]योआ १४:२; १७:२४, एफि २:४-६ [३]योआ १४:१६, [२]कोर१२:२१-२२; ५:५: [४]कल ३:१-४

परभुक दिन १९: ख्रिस्तके राज ओ दोस्र अवाइ

५०. सवालः "ओ बप्पक दाँहिन आहाँथेओर बैथल बातैं" कहना बात काकरे लिखल हो ?

जबाफः ख्रिस्त हुँकार मण्डलिक मुँरि होंइ,[1]

ओ बप्पा सक्कु बातेम हुँकिहिनसे राज कथैं[2] कहना देखाइकतन ख्रिस्त सोर्गम चहर गैनै ।

| |
|---|
| १ एफि १:२०-२३, कल १:१८ [2]रोम २८:१८, योआ ५:२२-२३ |

५१. सवालः हमार मुँरि ख्रिस्तके महिमासे हमार कैसिक निक करथ ?

जबाफः पहिल, हुँकार मनैन सोर्गमसे बरदान अपन पबित्र आत्मासे बरादेथैं ।[1]

दोसरः हुँकार देंहँसे उ हम्रन सक्कु बैरिनसे बचैथैं ओ सोगाके धरथैं ।[2]

| |
|---|
| [1]प्रे २:३३, एफि ४:७-१२: [2]भज ११०:१-२, योआ १०:२७-३०, प्रकास १९:११-१६ |

५२. सवालः जिन्तिनके ओ मुवँलके न्याय करे अउइया ख्रिस्तके फेन अवाइसे तुहिन कैसिक हौसला देहथ ?

जबाफः मोर सक्कु दुःख ओ सतौवामा मै मोर आँखिहिन सोर्गओर उथैथु (हेर्थुँ) सकुहुन न्याय करुइया एक्कैथो न्यायकरुइयाहिन बिस्वाससे आस हेर्थुँ जे परमेसोरके आगे मोरतन न्यायकतन थर्हियैनै ओ सक्कु स्रप मोरथनसे (हतादेहनै) हेरवादेहनै ।[1]

हुँकार ओ मोर सक्कु बैरिन

ख्रिस्तके कब्बोनाइ ओरैना सजाएकतन दोसि थहरैहिँ,

मने महिन लैके सक्कु चुनलमनैन उ अप्नेसँग मजा ओ सोग्क मानेम लैजैहिँ ।[2]

| |
|---|
| [1]लुका २१:२८, रोम ८:२२-२५, फिलि ३:२०-२१, तित २:१३-१४ [2]मति २५:३१-४६,<br>२थेस १:६-१० १थेस ४:१६ २थेस १:६-९ भज २:९ योआ १०:२८ |

हिँसा २: बचावा- पबित्र आत्मा परमेसोर

परभुक दिन २०: पबित्र आत्मा

५३. सवालः "पबित्र आत्मा" के बारेम तुँ का बिस्वास कर्थो ?

जबाफः पहिल, उ बप्पा ओ पुत्वाकसँग सदिमानके परमेसोर बातैँ ।[१]

दोसर, पबित्र आत्मा महिन फेन देहले बातैँ,[२]

पक्का बिस्वासके ओरसे,

उ महिन ख्रिस्त ओ हुँकार सक्कु आसिस (बर्कत) मा सझियार बनैथैँ,[३]

महिन सान्त्वना (हौसल) देहथैँ,[४]

ओ मोरसँग सदिमान पर्लि रहथैँ ।[५]

[१]उत १:१-२, मति २८:१९, प्रे ५:३-४: [२]कोर १:२१-२२; गला ४:६, [३]गला ३:१४: [४]योआ १५:२६, प्रे ९:३१; [५]योआ १४:१६-१७, १पत्र ४:१४

परभुक २१: मण्डलि

५४. सवालः "दुनियाँभरिक एक्कैथो पबित्र मण्डलि" क बारेम का तुँ बिस्वास कर्थो ?

जबाफः मै बिस्वास कर्थुँ कि परमेसोरके पुत्वा जेकर आत्मा ओ अँख्रासे,[१]

दुनियाँक सुरुसे उ नाइओराइततक,[२] सक्कु मनैनमसे,[३]

अप्ने तन कब्बोनाइ मुना जिन्गिकतन एकथो समाज बनैहिँ,

जोगैथैँ, ओ बचैथैँ, [४]जे पक्का बिस्वासमा एक्कै बनाइल बातैँ ।५

ओ मै यि समाजके एक जित्ति मनैँ हुँ,[६] ओ सदिमान लागल रहबुँ ।[७]

[१]योआ १०:१४-१६, प्रे २०:१८, रोम १०:१४-१७, कल १:१८ [२]यसै ५९:२१; १कोर ११:२६, [३]उत ३६:३ख-४, प्रका५:९: [४]मति १६:१८, योआ १०:२८-३०; रोम ८:२८-३०, एफि १:३-१४; [५]प्रे २:४२-४७, एफि ४:१-६ [६]१योआ ३:१४, १९-२१: [७]योआ १०:२७-२८. १कोर १:४-९. १पत्र १:३-५

५५. सवालः "पबित्र मनैनके सङ्गति" कहलेक का बुझ्थो ?

जबाफः पहिल, सक्कु बिस्वासि यि समाजके मनैक रुपमा ख्रिस्तमा ओ हुँकारमा  हुइल सक्कु भौका ओ बरदानके सझियार बन्थैं ।[१]

दोसर, सक्कु मनै उ बरदानहिन काम समझके हौसल ओ खुसिसे औरे मनैनके निक ओ आगे बर्हाइकतन करेकपरथ ।[२]

[१]रोम ८:३२, १कोर ६:१७; १२:४-७, १२-१३, १योस १:३ [२]रोम १२:४-८, १कोर १२:२०-२७; १३:१-७, फिलि २:४-८

५६. सवालः "पाप छमा" क बारेम तुँ का बिस्वास कर्थो ?

जवाफः मै बिस्वास कर्थुँ कि,

ख्रिस्तके पस्चातापके भोगके ओरसे,

परमेसोर मोर पापके लेखा अबसे नाइ धर्हिँ,[१] (नाइलिहिँ)

न तो मोर पापि बानिक लेखालिहिँ जेकर बिरोधेम मै मोर

जिन्गिभर लरेक परथ ।[२]

बिनुहुस्, ओस्ते पैलेक मायासे (अनुग्रहसे) परमेसोर महिन सदिमानके तन न्यायमसे फुकुवा कराइकतन ख्रिस्तके धार्मिम हुइना गुन देहथैं ।[३]

[१]भज १०३:३-४, १०, १२, मिका ७:१८-१९, २कोर ५:१८-२१, १योआ १:७; २:२ [२]रोम ७:२१-२५: [३]योआ ३:१७-१८, रोम ८:१-२

परभुक दिन २२ : जिउथाइ ओ कब्बोनाइ मुना जिन्गि

५७. सवालः "देहेँक जिउथाइ" कहना अँग्रासे तुहिन कैसिक हौसला देहथ ?

जबाफः यि जिन्गि ओरैति जिन्गिक मलिकुवा ख्रिस्तकेतन मोर परानकेल नाइ लैजाइ,[१]

मने मोर देहँ फेन ख्रिस्तके सक्तिसे उथाजाइ,

ओ परानसे एक्कै बनाइ

ओ ख्रिस्तके जस्ते मानसहितके देहँट बनैहिँ ।[२]

[१]लूका २३:४३, फलि १:२१-२३ [२]कोर १५:२०, ४३-४६, ५४, फिलि ३:२१, १योओ ३:२

५८. सवालः "कब्बोनाइ मुना जिन्गि" कहना अँख्रासे तुहिन कैसिक हौसला देहथ ?

जबाफः जौसिक मै मोर (मनेम) हृदयम अगर्गहिँसे कब्बोनाइ औरैना खुसि महसुस कैसेक्नु,[१]

ओस्तहिँके यि पाछेक जिन्गिक फेन मोरमा सच्चा (पक्का) खुसि हुइ जौन

न कौनो आँखि कब्बो देख्ले हो,

न कौनो कानसे सुन्ले हो

न तो कौर्नो मनैनके मन सोँच्ले होः

औसिन खुसि जत्था परमेसोरके मान सदिमान हुइ ।[२]

[१]रोम १४:१७: [२]योआ १७:३, १कोर २:९

परभुक दिन २३ : बिस्वास केल (खालि बिस्वास केल)

५९. सवालः यि सक्कु बातेक बिस्वाससे तुहिन का निक करथ ?

जबाफः येसु ख्रिस्त परकरल सच्चा बिस्वाससे केल ।[१]

[१]योआ ३:३६, रोम १:१७ (हिब्रू २:४), रोम ५:१-२

६०. सवालः कैसिक तुँ परमेसोरके आगे धर्मि बातो ?

जबाफः येसु ख्रिस्त परकरल सच्चा बिस्वाससे केल ।[१]

हुइनातो मोर चेतसे महिन परमेसोरके सक्कु अर्हाइल बातेक बिरोधेम बरवार पाप कैलेक

ओ यि अर्हाइल बात कब्बु नाइ मन्लेकमा चोरि लगैलेसे फेन,[२]

ओ सक्कु खराब कामेओर मोर लगाप अभिन रहलेसे फेन,[३]

तभुनफेन,

मै पैना सजायक बद्ला,[४]

हुँकार कब्बोनाइ ओरैना दारजके ओरसे,[५]

मै कब्बो पाप नाइ कैलहस ओ पापि नाइ हुइलहस कैके

ख्रिस्त मोरतन पुरा इमानदार हुइलहस कैके

मै फेन ओस्तहिँके इमानदार हुइलहस,[६]

परमेसोरके ख्रिस्तके पुरा सन्तोख, धर्मि, ओ पबितर कराइथ,[७]

अब मै करेक पर्ना भर अत्रैकेल हो कि परमेसोरके पहुराहिन मोर बिस्वाससे मन्थुँ ।[८]

[१]रोम:२१-२८, गला २:१६, एफि२:८-९, फिलि ३:८-११: [२]रोम ३:९-१० [३]रोम ७:२३: [४]तित ३:४-५: [५]रोम ३:२४, एफि २:८: [६]रोम ४:२४-२५, २कोर ५:२१ [७]रोम ४:३-५, उत १५:६०, २कोर ४:१७-१९ १योआ २:१-२ [८]योआ ३:१८, प्रे १६:३०-३१

६१. सवालः बिस्वाससेकेल तुँ परमेसोरके आगे धर्मि बातो कैहके तुँह काकरे कहथो ?

जबाफः मोर बिस्वास बर्हिया हुइलेक ओर्से

मै परमेसोरहिन खुस करैलेक नाइ हुँ ।

मने ख्रिस्तके खुसि, धर्मि, ओ पबितरसे केल

महिन परमेसोरके आगे धर्मि बनाइथ ।[१]

ओ मै बिस्वास छोर्के औरे कौनो दगर

यि धर्मि बन्ना ओ अपन नाइ बनाइ सेकथ ।[२]

[१]१ कोर १:३०-३१: [२]रोम १०:१०, १ योआ ५:१०-

परभुक दिन २४:मजा काम

६२. सवालः काकरेकि हमार बर्हिया काम[ठ] परमेसोरके आगे हमार धार्मिकता नाइहुइसेकि,

मतलब, हमार धर्मि हिँसा फेन नाइ हुइसेकि ?

जबाफः काकरेकि परमेसोरके न्यायहिन नङ्घ्ना पुरा धर्मि हुके पबितर हुइक परथ ओ सक्कु मेरसे इसोरके नेमकेहस नापेकपरथ ।[1]

मने हमार जिन्गिक सबसे बर्हिया काम फेन आधै ओ पापके दाग लागल रहथैं ।[2]

[1]रोम ३:२०. गला ३:१० (व्य २७:२६) : [2]यसै ६४:६

६३. सवालः तुँ कैसिक कहे सेक्थो कि हमार बर्हिया कामेक कौनो बर्हियैइ नाइ हुँइथ जब कि परमेसोर यि जिन्गि ओ अइना जिन्गिम इनाम देहना कैल कैल बातैं ?[1]

जबाफः यि इनाम कामसे कमैलेक नाइ हो, मने खुसिसे देहल एकथो पहुरा हो ।[2]

[1]मति ५:१२, हिब्रु ११:६: [2]लुका १७:१०, २ तिमो ४:७-८

सवालः मने के यि मेरके सिच्छासे मनैन नाइ बर्हिया ओ खराब नाइ बनाइथका ?

जबाफः पक्कै फेन नाइबनाइथ ।

पक्का बिस्वाससे ख्रिस्तमा कलम कैल मनैनके तन इमान्दार मानके फारा फारा नाइ फराइ कहना नाइ हो ।[1]

[1]लूका ६:४३-४५, योआ १५:५

हिँसा २ : बचाउ - पबितर रित

परभुक दिन २५ : पैहचान

६५. सवालः बिस्वाससे केल हम्रे ख्रिस्तमा हुँकार सक्कु आसिस (बर्कात) मा मिलल बातिः ओइसिन हो कहलेसे यि बिस्वास कहाँसे आइथ ?

जबाफः पबितर आत्मा हमार हृदयम (मनेम) पबित्र खुसिक खबरके परचारसे,[1]

बिस्वास जगाइथ[2]

ओ हमार पबित्र रितहिन कामसे यिहिन पक्का कराइथ ।[3]

[1]रोम १०:१७, १पत्र १:२३-२५: [2]योआ ३:५, १कोर २:१०-१४, एफि २:८
[3]मति २८:१९-२०, १कोर १०:१६

६६. सवालः पबितर रित का-का होइँ ?

जबाफः पबितर रित देखे सेक्ना पबितर चिन्हाँ ओ छाप होइँ ।

यैनके कामसे उ हम्रन खुसोक खबरके कौलके बारेम आउर मजासे बुझैना ओ उ कौलमा हुँकार छाप लगाइ सेकल होइँ[1] कैहके ओइनके जग्गम परमेसोरसे कैल होइँ ।

ओ परमेसोरके खुसिक खबरके कौल यि होः

ख्रिस्तके एक्कैथो कुरुसके पुरा भोगके ओरसे दाउजसे

परमेसोर हमार पाप माफ ओ हम्रन कब्बोनाइ मुना जिन्ग देहथैँ

[1]उत १७:११, ब्य ३०:६, रोम ४:११: [2]मति २६:२७-२८, प्रे २:३८, हिब्रू १०:१०

६७. सवालः ओइसिनहो कहलेसे, यि अँख्रा ओ पबितर रित दुनु हमार बिस्वासहिन ख्रिस्तके कुरुसके भोग हमार बचाउक एकथो साहारा हो कैहके पक्का करे खोजल हो तो ?

जबाफः पक्कै हो ।

खुसिक खबरमा पबितर आत्मा हम्रन सिखैथैँ

ओ पबितर रितसे हम्रन पक्का करैथैँ

कि हमार सक्कु छुतकारा

ख्रिस्त हमारतन कैलेक एकथो भोग मतलब कुरुसेम भरपरथ ।[1]

[1]रोम ६:३, १कोर ११:२६, गला ३:२७

६८. सवालः लावा कौलमा ख्रिस्त कैथो पबितर रित बनैले बातैँ ?

जबाफः दुइथोः बप्तिस्मा ओ परभुभोज ।[1]

[1]मति २८:१९-२०, १ कोर ११:२३-२६

परभुक दिन २६: बप्तिस्मा

६९. सवालः ख्रिस्तके कुरुसके एक्कैथो भोग मनकै रुपमा तुहार तन हो कैहकै बप्तिससे तुहिन कैसिक याद ओ भरोसा पक्का कराइथ ?

जबाफः यि मेरकेः

ख्रिस्त यि बाहेके धोवाइ सुरु कैनै[१]

ओ यिहिनसे कौल बाचा कैनै,

जैसिक पानि देहेँक मैले धोइथ

ओस्तहिँके हुँकार खुनसे ओ आत्मासे

मोर परानके छुतिहा मतलब, मोर सक्कु पाप पक्कै धोइथ ।[२]

[१]प्रे २:३८: [२]मति ३:११, रोम ६:३-१०, १ पत्र ३:२१

७०. सवालः ख्रिस्तके खुन ओ आत्मासे धोइना कहनक मतलब का हो ?

जबाफः ख्रिस्तके खुनसे धोइना कहलेक मतलब

कुरुसके भोगसे हमार तन बहैलेक

ख्रिस्तके खुनेक ओरसे

परमेसोर, हुँकार दारजसे, हमार पाप माफ कैले बातैं ।[१]

ख्रिस्तके आत्मासे धोइना कहलेक मतलब

पबितर आत्मासे हम्रन ख्रिस्तके मनै हुइकतन

लावा ओ चोखा बनैलेक हो,

जेकर ओरसे हम्रे जत्रा पापके लेखकतन मुँथि

ओत्रै धेर कैके पबितर ओ कौनो खराबि नाइ हुइल जिन्गि जिथि ।[२]

[१]जक १३:१, एफि १:७-८, हिब्रु १२:२४, १पत्र १:२, प्रका १:५ [२]इज ३६:२५-२७, योओ ३:५-८, रोम ६:४, १कोर ६:११, कल २ : ११-१२

७१. सवालः जैसिक हम्रे बप्तिसेम पानि धोइथि ओस्तहिँके हम्रे हुँकार खुन ओ आत्मासे धोइथि कहना बातेक कौल ख्रिस्त कत्था कैले बातैं ?

जबाफः बप्तिसमा रितके सुरुमा उ कहथैः

"यिहेमारे जाउ, ओ सक्कु देसके जातन चेल्वा बनाउ, बप्पा ओ पुत्वा ओ पबितर आत्मक नाउँम ओइन बप्तिसेम देउ ।"[१]

"बिस्वास करुइया ओ बप्तिसेम लेहुइयैं बच्वा पैहिँ, मने बिस्वास नाइ करुइया खोतलागल थहरहिँ ।"२

जब धर्मसास्त्र बप्तिसमाहिन "लावा जलम" ओ

पाप धोइना काम कैहके कहथ[४] तब यो कौल दोहरियाइल बा ।

[१]मति २८:१९ [२]मर्क १६:१६: [३]तित ३:५: [४]प्रे २२:१६

परभुक दिन २७ : लर्कनके बप्तिस्मा

७२. सवालः का पानिक बाहेरके धोवाइ अप्ने सक्कु पाप धोइथका ?

जबाफः पक्कै फेन नाइ धोइथ । येसु ख्रिस्तके खुन ओ पबितर आत्मासे केल हमार सक्कु पापसे हम्रन चोखा कराइथ ।[१]

[१]मति ३:११; १ पत्र ३:२१, १ योआ १:७

७३. सवाल. ओइसिन हो कहलेसे पबितर आत्मा बप्तिस्माहिन काकरे लावाजलमके ओ पापके धोवाइ कहथैं ?

जबाफः यि कहकुतके तन परमेसोरके सँग खास बात बा ।

उ हम्रन यि सिखाइ चहथैकि

जैसिक पानि हमार देहेँक मैल धोइथ

ओस्तहिँके ख्रिस्तके खुन ओ आत्मासे हमार पाप धोइथ ।[१]

मने उहिनसे फेन जरुरि,

हुँकार इसोरिय कौल ओ चिन्हाँसे परमेसोर हम्रन यि (हलगर) पक्का कराइथ चहथैँ

जैसिक हमार देँह पानिसे धोजाइथ

ओस्तहिँके हमार पाप आत्मिक रुपमा (गुन) मा पक्कै धोजैथैँ ।[२]

[१]१कोर ६:११, प्रका १:५; ७:१४: [२]प्रे २:३८, रोम ६:३-४, गला

७४. सवालः का लौरालवरियन फेन बप्तिस्मा देहेकपरथ ?

जबाफः पक्कै फेन देहेकपरथ ।

लौरालवरिया ओ बरवार सकुहुन

परमेसोरके कौलमा हुइल ओ हुँकार मनै होइँ ।[१]

ख्रिस्तके खुन ओ बिस्वास जगुइया पबितर आत्मासे लौरालवरियन फेन बरवार हस बरावर पापसे बचावक कौल करल बा ।[२]

यिहेमारे, बप्तिसेमसे, जौन कौलके एक चिन्हाँ हो,

लौरालवरियन फेन ख्रिस्तके मण्डलिम नानेल परथ ओ दुनियँक पुत्वाबितियनसे दोसरमेर पैहचान देखाइकपरथ ।[३]

खतनासे कैजाइ,[४]

जौन लावा कौलमा बप्तिससे सँगल बा ।[५]

[१]उत १७:७, मति १९:१४: [२]यसै ४४:१-३, प्रे २:३८-३९; १६:३१
[३]प्रे १०:४७, १कोर ७:१४: [४]उत १७:९-१४: [५]कल २:११-१३

परभुक दिन २८ : परभुभोज

७५. सवालः परभुभोज तुहिन ख्रिस्तके कुरुसके एकथो भोग ओ हुँकार सक्कु निकेक सझियार होउ कैहके कहलेक बातेक सम्झना ओ पक्का हो कैहके कराइथ ?

जबाफः अइसिकः हुँकार सम्झनम, यि खँराइल भौरिखैना ओ यो खोरियमसे पिना ख्रिस्त महिन ओ सक्कु बिस्वासिन अर्हैले बातैं ।

यि अर्हाइल बातेसँगे यिमेरके कौलफेन कैलेबातैः[१]

पहिल,

जैसिक मोरतन खँराइल परभुक भौरि ओ

महिन खोरियमसे पिना सझियार बनैनै मै मोर आँखिसे देख्थुँ,

ओस्तहिँके मै पक्का हुइथुँ कि

हुँकार देँह मोरतन देहल ओ मुवँल रहे

ओ हुँकार खुन मोर तन कुरुसेम बहाइल रहे ।

दोसर,

सुसेरुवक हाँथसे मै पैना ओ खैना परभुक भौरि ओ खोरियाभर ख्रिस्तके देँह ओ खुनेक सँच्चा चिन्हाँ हो,

७६. जौन मै लेहेबेर पक्कै कुरुसेम तँगाइल (झुलाइल) देँह ओ बहाइल खुनसे ख्रिस्त मोर परानहिन कब्बोनाइ मुना जिन्गिकतन पोसगर करैथैं ओ फेन लावा करैथैं ।

[१]मति २६:२६-२८, मार्क १४:२२-२४, लूका २२:१९-२०, १कोर १:२३-२५

७६. सवालः कुरुसेम तङ्गाइल ख्रिस्तके देँह खैना ओ हुँकार बहाइल खुन पिना कहनक मतलब का हो ?

जबाफः एकर मतलब,

ख्रिस्तके सक्कु कस्तै ओ मौतहिन पुरा मनसे बिस्वास कैना ओ ओस्तहिँके पाप माफ हुइना ओ कब्बोनाइ ओरैना जिन्गि पैना हो ।[१]

मने यकर मतलब आउर गहिर बा ।

ख्रिस्त ओ हमारमा रहुइया पबितर आत्मासे

हम्रे आउर ख्रिस्तके आसिसित देँहेम एकै हुइल बाति ।[२]

ओ उहेमारे, हुइना तो उ सोर्गम[३] ओ हम्रे भुँइयम रहलेसेफेन,

हम्रे हुँकार मासेर मास ओ आङ्ग एक परानसे चलथ,

ओस्तहिँके हम्रे सदिमान एककै आत्मासे जिथि ओ चल्थि ।[५]

[१]योआ ६:३५,४०, ५०-५४: [२]योआ ६:५५-५६, १ कोर १२:१३: [३]प्रे १:९-११; १ कोर ११:२६, कल ३:१: [४]१कोर ६:१५-१७, एफि ५:२९-३०, १ योआ ४:१३ [५]योआ ६:५६:५८[क्ष] १५:१-६, एफि ४:१५-१६, १योआ ३:२४

७७. सवालः जब बिस्वासिँ यि खँराइल भौरि खैथैँ ओ खोरियमसे पिथैँ तब ख्रिस्त ओइन अपन देँह ओ खुनसे पोसा ओ फेन लावा कैदेहना कौल कैले बातैँ । यि कौल उ कत्था कैले बातैँ ?

जबाफः परभुभोज रितके सुरुमः

"जौन रात परभु येसु पकरवा पैनै,

उ रात परभु येसु भौरि लेहनै, ओ आसिस दैसेक्नैतब

उ उहिन खँरैनै, ओ कहनै,

"यि महिनसमझके कर्ति रहहो ।'

ओस्तहिँके, खासेक्नैतब उ खोरिया लैके कहनै,

"यि खोरिया मोर खुनेम हुइल लावा कौल हो,

जब-जब तुहुरे यि पिथो,

महिन समझके यि सदिमान कर्ति रहहो ।'

काकरेकि जब जब तुहुरे यि भौरि खैथो ओ खोरियमसे पिथो,

उ नाइ आइततक तुहुरे

परभुक मौत हुइल कैहके पक्का कर्थो ।”[१]

यि कौलहिन पावल अइसिक देहरियाइथः

“जौन आसिसके खोरियकतन हम्रे आसिस मङ्थि,

का उ ख्रिस्तके खुनेम हुइल सझियार नाइ हो

ओ उ ख्रिस्तके देँहेम हुइना सझियार नाइ हो का

भौरि एक्कै हो, यिहेमारे धेर हुइलेसे फेन हम्रे एक्कै देँह हुइ,

काकरेकि हम्रे सक्कु एक्कै भौरि खैथि ।[२]

[१]१कोर ११:२३-२६: [२]१कोर १०:१६-१७

परभुक दिन २९: परभुभोज एकथो कौलके चिन्हाँ हो

७८. सवालः का भौरि ओ अङ्गुरके रस खिस्तके जातिक देँह ओ खुनेक बदलथ तो ?

जबाफः अहँ, नाइहुइथ ।

जैसिक बप्तिसमक पानि ख्रिस्तके खुनेम नाइ बदलथ ओ पानि अप्नहिँ पाप नाइ धोइथ

मने यि तो खालि इसोरके चिन्हाँ ओ पक्का हो,[१]

थिक ओस्तहिँके परभुभोजके भौरि फेन

ख्रिस्तके देँहेम नाइ बदलथ[२]

हुइना तो यिहिन पबितर रितके चलन भासम

ख्रिस्तके देँह[३] हो कैहके कैहजाइथ ।[४]

[१]एफि ५:२६, तित ३:५: [२]मतिबर२६:२६-२९: [३]१कोर १०:१६-१७;
११:२६-२८ [४]उत १७:१०-११, प्रस १२:११, १३, १कोर १०:१-४

७९. सवालः ओइसिन हो कहलेसे ख्रिस्त भौरिहिन मोर देँह ओ खोरियाहिन हुँकार खुन ओ हुँकार खुनेम हुइल लावा कौल कहनै जिहिन पावल ख्रिस्तके देँह ओ खुनेक सझियार हुइना कहना अँख्रा कहले बातैं ?

जबाफः यि अँख्रा कहना ख्रिस्तसँगे पक्का बात होइँ ।

उ हम्रन यि सिखाइक खोज्थैं कि जैसिक भौरि ओ अङ्गुरके रस हमार देँहहिन पोस देहथ,

ओस्तेहिँके कुरुसेम ताङ्गल (झुलाइल) देँह ओ बहाइल खुनसे हमार परानहिन पक्कै फेन सदिमानकेतन पोसदेहथ ।[१]

आउर जरुरिभर,

जब हमार मुहसे यि पबितर चिन्हाँ हुँकार समझके लेथि,[२]

तब हम्रे पबितर आत्मक कामसे हुँकार सँच्चा देँह ओ खुनेक सझियार हुइथि ।

हम्रे अप्नहिँ अपन कस्तै भोगके हमार पापके दाम चुकाइलहस कैके,

हुँकार सक्कु कस्तै ओ अर्हाइल नाइ मन्ना पक्कै हमार हो कहना बात यि देख्ना चिन्हाँ ओ कौलसे ख्रिस्त हम्रन पक्का (बलगर) कराइक चहथैं ।[३]

[१]योआ ६:५१,५५: [२]१कोर १०:१६-१७; ११:२६: [३]रोम ६:५-११

परभुक दिन ३०: परभुभोज ओ मास

८०. सवालः परभुभोज रोम क्याथोलिक मास (mass) कैसिक औरेमेर बा ?

जबाफः परभुभोज हम्रन यि कहथ कि येसु ख्रिस्तके एक्कैथो भोगसे हमार पाप पुरा छेमा हुइल बा,

जौन भोग उ कुरुसेम सदिमानकेतन एक्कै चोत पुरा कैदेहनै ।[१]

यि यि फेन कहथ कि

पबितर आत्मा हम्रन ख्रिस्तमा कैसिक कलम बन्धथैं,[२]

जे अपन (ख्रिस्त) देँह सहित

सोर्गम बप्पक दाँहिन हाँथेओर बैथल बातैँ,[3]

जत्था हम्रे उहिन ध्यान (मान) करल चहथैँ ।[४]

मने मास यि सिखाइथ कि

पुजेरुओँइ रोजदिन मनैन ख्रिस्त नाइदेहततक जिति ओ मुवँल

केक्रो फेन येसु ख्रिस्के कस्तैसे पाप छमा नाइ हुइथ ।

यि यि फेन सिखाइथ

कि ख्रिस्त, परभु भोजेक बेलम भौरि ओ दाखरसके रुपेम देँहेम आइल बातैँ

उहेमारे ख्रिस्तहिन पैहलहिक जस्ते ध्यान (मान) करेक परथ ।

यिहेमारे मास खासकैके येसु खिस्तके भोग ओ कस्तैहिन नाइमनुइयाँ एकथो सजाय पाइल मुर्तिपुजा हो ।

[१]योआ ९:३०, हिब्रु ७:२७; ९:१२, २५-२६; १०:१०-१८: [२]१कोर ६:१७; १०:१६-१७ [3]प्रे ७:५५-५६, हिब्रु १:३; ८:१: [४]मति ६:२०-२१, योआ ४:२१-२४, फिलि ३:२०, कल ३:१-३

८१. सवालः परभुभोज के-के लेहे सेकथ ?

जबाफः ओइँ जे अपन पापेक ओरसे अप्नेसे दुखि बातैँ, तभुनफेन ख्रिस्तके दुःख ओ मौँतसे ओइनके पाप माफ हुइल बा ओ ओइनके सदिमानके कमि कमजोरिहिन छोपदेहलबातैँ (तोपदेहले बातैँ) कहना बातेम बिस्वास कथैँ, ओ उ मनै जे रोजदिन ओइनके बिस्वास बलगर बनाइकतन ओ बर्हिया जिन्गि कतैना मन कथैँ ।

मने हराम ओ नाइ पस्ताप करुइयैँ परभुभोज खाइबेर ओ पियबेर अप्नेम सजाय नन्थैँ ।[१]

[१]१कोर १०:१९-२२, ११:२६-३२

८२. सवालः जे अपन बोलि ओ कामकराइसे अप्नेहिन बिनाबिस्वासके ओ बिना इसोरके बातुँ कैहके देखुइया मनैन परभुभोजके सझियार बनाइक परथ ?

जबाफः पक्कै फेन नाइबनाइक परथ । यि परमेसोरके कौलहिन मान नाइ करथ ओ मण्डलि परिवारपर परमेसोरके सजाय नानथ ।[१]

उहेमारे, ख्रिस्त ओ हुँकार चेल्वलनके सिच्छाहस, परमेसोरके राजेक हकके कुन्जि से,

उ मनैयाँ अपन जिउम नाइ सुध्रि तबतक ख्रिस्तके मण्डलिसे उ मनैयाँहिन परभुभोजसे अल्गे कराइकतन एकमनके हुइक परथ ।

[१]१कोर ११:१७-३२, भज ५०:१४-१६, यसै १:११-१७

परभुक दिन ३१ : राजेक कुन्जि

८३. सवालः राजेक कुन्जि का-का होँइ ?

जबाफः पबितर खुसिक खबरके परचार ओ पस्तापमा दोऱ्यैइना नेम परचार ओ नेम दुनु बिस्वासिनतन सोर्गक राज खोलथ कहलेसे बिनाबिस्वासिनतन लगाइथ ।[१]

[१]मति १६:१९, योआ २०:२२-२३

८४. सवालः पबितर खुसिकखबरके परचारसे कैसिक सोर्गक राज खोलथ ओ लगाइथ ?

जबाफः ख्रिस्तके अर्हाइलहसः

सिर्गक राज उ सक्कु बिस्वासिनकेतन खुल्ला कैल बा जे सक्कुहुनकेतन परचार करल खुसिकखबरके कौलहिन सँच्चा बिस्वाससे मन्थैँ,

ओ, परमेसोर, ओइनके सक्कु पापहिन ख्रिस्तसे कैल बराबरवार कामेक ओरसे सँच्चा रुपमा छेमा कथैँ ।

सकुहुनकेतन बोलल (कहल) खुसिकखबर नाइ मनुइयाँ सक्कु बिनाबिस्वासि ओ बिनाकामेक मनैनतन सोर्गक राज तबतक लगाइल बा (बन्द कैले) जबतक ओँइ नाइ पस्ताप कर्हिँ, ओइनपर परमेसोरके रिस ओ अइना जिन्गिम रहुइया परमेसोरके न्याय यिहे खुसिकखबरके गवाहिम बा ।[१]

[1]मति १६:१९, योआ ३:३१-३६; २०:२१-२३

८५. सवालः कैसिक ख्रिस्तके कहलहस सोर्गक राज खोलल ओ लागल रहथ ?

जबाफः ख्रिस्ते अर्हाइलहसः

आँइ, जे अप्नेहिन इसाइ हुइ कैहके कहथैं मने बिना बिस्वासिनके सिच्छा मन्थैं ओ बिनाबिस्वासि जिन्गि जिथैं, ओ घरिघरि देहल हौसला हौसला सरसल्लाह हुइलेसेफेन ओइँ गल्ति ओ खराबकाम छोरेक मन नाइकरथैं । ओ यि काम, मण्डलि ओ यकर मनैन बतासेकलपाछे फेन, आँइ उ घिनाहुन कामेक जबाफ देहेक मन नाइकरथैं, ओइसिनमनैन हकदार मनै पबितर रित (परभुभोज) मा लेहे नाइ दैके ख्रिस्तके सङ्गतिसे अल्गे करादेथैं,

ओ परमेसोर अप्नहिँ फेन ओइन ख्रिस्तके राजसे बाहेर निकार देहथैं ।

ओइसिन मनै जे सँच्चा सुधार ओ बदलना (काम) देखैथैं ओइन ख्रिस्त ओ हुँकार मण्डलिक मनैनके रुपमा फेन मन्थैं ।

[1]मति १८:१५-२०, १कोर ५:३-५, ११-१३, २थेस ३:१४-१५ [2]लूका १५:२०-२४, २कोर २:६-११

हिँसा ३ : गुन मन्ना

परभुक दिन ३२: गुन मन्ना

८६. सवालः हम्रे अप्ने कमैलेक नाइ हो मने परमेसोरके निकसे येसु ख्रिस्तसे हम्रे अपन खराबिनसे छुत्ति पाइल बाति ।

ओइसिन हो कहलेसे हम्रे अभिन काकरे बहिया काम कर्हिया परथ ?

जबाफः हुँकार खुनसे

बचावा पाके हम्रन हुँकारे आत्मसे हुँकार रुपमा लावा बनेक परथ जेकरओरसे काकरेकि हमार सक्कु जिन्गमसे हुँकार निकके तन परमेसोरहिन बर्हाइचर्हाइ करे सेकि,[1]

जेकरओरसे उ हम्रनसे राज करल होइँ ।[2]

जेकरओरसे हम्रे हमार बिस्वासके फारासे[ड] हमार बिस्वासमा पक्का (बलगर) हुइ सेकि,[3]

ओ हमार इसोरभक्ति जिन्गसे हमार रानपरोसिन फेन ख्रिस्तमा जिते सेकि ।[4]

[1]रोम ६:१३; १२:१-२, १पत्र २:५-१०: [2]मति ५:१६, १कोर ६:१९-२०: [3]मति७:१७-१८, गला ५:२२-२४, २पत्र १:१९-११ : [4]मति ५:१४-१६, रोम १४:१७-१९, १पत्र २:१२; ३:१-२

८७. सवालः का परमेसोरके ओर नाइ लौतुइया गुन नाइमनुइया ओ नाइ पस्चतापकरुइयैँ बचाजैहिँ ?

जबाफः कौनो फेन हालतमा नाइ बचाजाइ ।

कौनो फेन खराब नियतके मनै,

मुर्तुपुजा करुइया, रन्डिबाजि चोर,

आँखिजरनाघ, मदुवा, बिरोधि, डाँका,

मतलब अस्ते आउर फेन परमेसोरके राजेक हकदार नाइहुइ ।[1]

[1]१कोर ६:९-१०, गला ५:१९-२१, एफि ५:१-२०, १योआ ३:१४

परभुक दिन ३३:बदलाउ

८८. सवालः सच्चा पस्चाताप मन बदलनामा का बात जोर जाइथ ?

जबाफः दुइ बातः पुरान गुन[ठ] मारके जाइकपरथ,

ओ लावा जिन्गिम पेल्हिँ ।[1]

[1]रोम ६:१-११, २कोर ५:१७, एफि ४:२२-२४, कल ३:५-१०

परभुक दिन ३३: बदलाउ

८९. सवालः पुरान गुनमा मुना कहलेक का हो ?

जबाफः यि कहलेक अपन पापओर इमान्दारसे दुःखि हुइना, एकदमधेर हेल्हा कर्ना ओ यैनमसे भग्ना हो ।[1]

[1]भज ५१:३-४, १७, योआ २:१२-१३, रोम ८:१२-१३, २कोर ७:१०

९०. सवालः लावा गुनके जिन्गम बर्हना कहेक का हो ?

जबाफः यि कहलेक ख्रिस्तसे परमेसोरमा सक्कु मनेक खुस हो[1]

ओ परमेसोरके मनहस सक्कु मेरके बर्हिया काम कर्ति पिरेम ओ खुसिम जिना हो ।[२]

[१]भज ५१:८,१२, यसै ५७:१५, रोम ५:१; १४:१७: [२]रोम ६:१०-११, गला २:२०

९१. सवालः बर्हिया काम का हो?

जबाफः उ काम केल

जौनभर सँच्चा बिस्वाससे कैजाइथ,[१]

परमेसोरके नेम हस बा,[२]

ओ हुँकार महिमक तन कैजाइथ ।[३]

मने यि यैँ हमार अप्ने बिचारेम कि मनैनके पुरान चालचलन हस नाइ होँइ ।[४]

[१]योआ १५:५, हिब्रु ११:६: [२]लेबि १८:४, १समु १५:२२, एफि २:१० [३]१ कोर १०:३१: [४]व्य १२:३२, यसै २९:१३, इज २०:१८-१९, मति १५:७-९

हिँसा ३: गुन मन्ना-दस अर्हाइल बात

परभुक दिन ३४ पैहचान

९२. सवालः परमेसोरके नेम कहलेक का हो?

जबाफः परमेसोरसे बोलल यि अँख्राः

पहिल अर्हाइल बात

“मै परमपरभु) तुहुरनके परमेसोर हुँ,

जे तुहुरन मिस्रदेसेम

मरलब दासबनाइस देससे निकारसे नन्नुँ ।

महिनछोरके औरे कौनो देबि-देँउता नाइ मन्हो ।”

दोसर अर्हाइल बात

"अपन तन खोल्के कौन मेरके मर्ति बस नाइबनैहो,

उप्पर बद्रि मतलब तरे भुँइयक

कि तरे पानिम हुइल कौनो चिजहस मुर्ति नाइबनैहो ।

ओइनके आगे नाइ लिहुरहो, ओइनके पुजा नाइ कर्हो,

काकरेकि मै परमपरभु तुहुरनके परमेसोर

जरुरिया परमेसोर हुँ ।

महिन हेल्हा करुइया बप्पापुर्खनके अधर्मके सजाय

ओइनके लर्का बच्चनके तिन ओ चार पिर्हितक देबुँ,

मने महिन पिरेम करुइया ओ मोर अर्हाइल बात मनुइयनके

हजार पिर्हिपर मै दारज करबुँ ।"

तिनथो अर्हाइल बात

"परमपरभु अपन परमेसोरके नाउँ फोँकतियम नाइलेहो, काकरेकि हुँकार नाउँ फोँकतियम लेहुइयन परमपरभु कसुरदार थहरैहिँ ।"

चारथो अर्हाइल बात

"बिसैनादिन पबित्र मानेक परथ कैहके याद कर्हो ।

छौ दिनतक मेहनत कैके अपन सक्कु काम कर्हो,

मने सातैं दिनभर परमपरभु तुहुरनके परमेसोरके तन बिसैना दिन हो ।

उ दिनेम तुहुरे कुच्छु काम नाइ कर्हो,

न तो अपन पुत्वा, न बितिया,

न कमारा कमारि, न पसपछुवा,

न खास दुवारेक भितर रहुइया पहि कुच्छु काम करे ।

काकरेकि ६ दिनमा परमपरभु बद्रि, भुँइयाँ, समुन्दर ओ ओइनमा

हुइल सक्कु चिज बनैनै ।

मने सात दिनेम भर बिसैनै ।

उहेमारे परमपरभु बिसैना दिनहिन

आसिस देहनै, ओ उहिन पबोतर करैनै ।"

अर्हाइल पाँचु बात

"अपन बप्पा ओ दाइक मान करो,

कि जौन देस तुहुरन परमपरभु

अपन परमेसोर दिहिँ, ओत्था तुहुरे धेर बरसतक जिबो ।"

अर्हाइल छौथो बात

"हत्या नाइकर्हो ।"

अर्हाइल सातथो बात

"रन्डिबाजि नाइकर्हो ।"

अर्हाइल आथ बात

"चोरि नाइ करहो ।"

अर्हाइल नौथो बात

"अपन रानपरोसिनके बिरोधेम झुँथ गवाहि नाइदेहो ।"

अर्हाइल दसथो बात

"अपन रानपरोसिनके घरेक लालच नाइकर्हो ।

अपन रानपरोसिनके मेन्धारुनके लालच नाइकहो,

अपन रानपरोसिनके कमारा, कमारि, बर्दा, गद्हा

कि ओकर कौनो फेन चिजेक लालचन नाइकर्हो ।"[१]

| |
|---|
| [१]प्रस २०:१-७. व्य ५:६-२१ |

९३. सवालः यि अर्हाइल बातहिन कैसिक बाँतल बा ?

जबाफः दुइ हिँसमः

पहिल हिँसामा चारथो अर्हाइल बात बा,

जे हमार परमेसोरके सँग हम्रे कैसिक रहेक परथ कैहके सिखाइथ ।

दोसरहिँसमभर छौथो अर्हाइल बात बा,

जे हम्रन रानपरोसिनसे कैसिक रहेक परथ कैहके सिखाइथ ।[१]

| |
|---|
| [१]मति २२:३७-३९ |

९४. सवालः पहिल अर्हाइल बातेम परमपरभु कामङ्थैं ?

जबाफः मै अपन छुट्काराहिन बिपतमा पर्ना नाइ चाहके सक्कु मुर्तिपुजा (सन्तन) ओ आउर पैदाहुइल चिजहिन[३] परथना कर्ना कामहिन

नाइमन्थुँ ओ दुरे बैथ्थुँ ।

मै एक सँच्चा परमेसोरहिन बर्हिया जन्थुँ,[४]

खालि हुँकारपर मै भरोसा कर्थुँ,[५]

लरमसे[६] ओ धिरजसे[७] बर्हिया कामेकतन हुँकिहिन हेर्थुँ,[८]

उहिन पिरेम कर्थुं,[९] दर मन्थुँ, [१०]ओ मान कर्थुं[११]

छोरमेरके,

मै परमेसोरके मनके उल्ता जैनक सतह सक्कु बातहिन सक्कु ओरसे छोर्थुं ।[१२]

[१]१कोर ६:९-१०; १०:५-१४, १योआ ५:२१: [२]लेबि १९:३१, व्य १८:९-१२: [३]मति ४:१०, प्रका १९:१०; २०:८-९: [४]योआ १७:३, [५]यर १७:५, [६]१पत्र ५:५-६ [७]कल १:११, हिब्रु १०:३६: [८]भज १०४:२७-२८, याकु १:१७ [९]मति २२:३७ (व्य ६:५) [१०]हितो ९:१०, १पत्र १:१७: [११]मति ४:१० (व्य ६:१३): [१२]मति ५:२९-३०; १०:३७-३९

९५. सवालः मुर्ति पुजा कहलेक का हो ?

जबाफः मुर्तिपुजा कहलेक अँखम्र अपनहिन ओजरार करैना (देखुइया) सँच्चा परमेसोर छोरके कि हुँकारे सङ्गे ओस्ते आउर बातहिन मन्ना, लावा बनैना (लावा खोजि कैना) हो जेकरमा उ भरोसा करथ ।[१]

[१]१इति १६:२६, गला ४:८-९, एफि ५:५, फिलि ३:१९

९६.परभुक दिन ३५ : पहिल अर्हाइल बात

सवालः दोसर अर्हाइल बातेम हमारतन परमेसोरके बिचार का बा ?

जबाफः हम्रे कौनो फेन हालतमा परमेसोरके कौनो मेरके ओस्तहिँ मुर्ति नाइ बनैना हो[१]

न तो हुँकार अँखम्र अर्हाइलसे धेर

औरे कौनोमेरसे उहिन ध्यायन कर्ना हो ।[२]

[१] व्य ४:१५-१९, यसै ४०:१२-२५, प्रे १७:२९ रोम १:२२-२३ [२]लेबि १०:१-७, १समु १५:२२-२३, योआ ४:२२-२३

९७.सवालः ओइसिन हि कहलेसे हम्रे कौनो मेरके फेन चिजहस मुर्ति नाइ बनैना हो तो ?

जबाफः कौनो मेरके फेन परमेसोरहिन देख्ना मेरके चित्र बनाइ नाइ सेक्जाइथ ओ करेफेन नाइहुइथ (नाइहो) हुइनातो (बनलचिजके) पैदाहुइल चिजके चिन्त्र बनाइ सेक्लेसेफेन, यैनके गुनगान कैना

कि परमेसोरहिन यैनसे सेवा कैना

बिचारसे बनाजाइथ कहलेसे परमेसोर ओइसिन मुर्ति नाइ बनैना कहथैँ ।[1]

[1]प्रस ३४:१३-१४, १७ २राज १८:४-५

९८.सवालः मने का परमेसोरके बौँनि (छाँहिँ) ओ चित्रहिन मण्डलिमा परेहेलिख नाइ जन्नाहिन सिखाइकतन सिखैना चित्र (हथिँयार) के रुपमा कामेम लगैना कैहके अर्हाइ सेकजाइथ ?

जबाफः अहँ नाइसेकजाइथ । हम्रे परमेसोरसे बुद्धिमान हुइ नाइ खोज्ना हो ।

उ अपन मनैन जिति अँख्रक परचारसे सिखाइल चहथैँ-[1]

मने बोल नाइ सेक्ना मुर्तिनसे नाइ ।[2]

[1]रोम १०:१४-१५, १७, २तिमो ३:१६-१७, २पत्र १:१९ [2]यर १०:८, हिब्र २:१८-२०

परभुक दिन ३६ : दोसर अर्हाइल बात

९९. सवालः तिसर अर्हाइल बातसे कहेक खोज्लेक का हो ?

जबाफः हम्रे स्राप,[1] झुँथ किरिया,[2] कि बिनाकामेक कौलसे,[3] इसोरहिन हेल्हा नाइकरि कि परमेसोरके नाउँक फोँकतियकतन नाइ लगाइ,

कि अइसिन बारेओर हेरुइयाकेल बनके एकदम घिनहुन पापेक सझियार नाइ बनि ।

छोतमेरसे,

हमार परमेसोरके पबितर नाउँक मान ओ हुँसियारसे केल चलाइ,[5]

जेकर ओरसे हम्रे उहिन बर्हियासे माने सेकि,[6]

उहिन परथना करे सेकि,[7]

ओ हमार बात ओ कामसे हुँकार बखान करे सेकि ।[८]

[१]लेबि २४:१०-१७: [२]लेबि १९:१२: [३]मति ५:३७, याक ५:१२ [४]लेबि ५:१, हितो २९:२४: [५]भज ९९:१-५, यस ४:२: [६]मति १०:३२-३३; रोम १०:९-१०: [७]भज ५०:१४-१५, १ तिमो २:८: [८]कल ३:१७

१००.सवालः का परमेसोरके नाउँम स्रापके ओ किरिया खाके इस्सोरहिन कैना हेल्हा[ण]

जात्से गहिँर (बरवार) पाप हो तो ? अइसिन बातहिन रोँक्ना ओ करेनाइ देहलेसे फेन नाइकरुइयनओर परमेसोरके रिसियाइल (डिकियाइल) बातैँ ?

जबाफः हो, पक्कै फेन यि गहिर (बरवार) पाप हो ।[१]

इस्सोरके हेल्हासे बरवार कौनो पाप नाइ हो,

जे परमेसोरहिन धेर डिकिहा बनाइथ ।

उहेमारे उ यि पापेक बिरोधेम मौतके सजाय देहनै ।[२]

[१]लेबि ५:१: [२]लेबि २४:१०-१७

परभुक दिन ३७ : तिसर अर्हाइल बात

१०१. सवालः मने का हम्रो बर्हियासे परमेसोरके नाउँम किरिया खाइ सेकब ?

जबाफः हो, जब जरुरत परल बेलम

तब पक्का ओ बिस्वास जोगैले रहेकतन

ओ परमेसोरके नाउँम किरिया खाइ सेक्थि ।

अइसिन किरिया परमेसोरके अँख्रा बा[१]

ओ पुरान ओ लावा कौलमा परमेसोरके मनैन सहि धङ्गसे चलैले रहैँ ।[२]

[१]व्य ६:१३; १०:२०, यर ४:१-२, हिब्रु ६:१६ [२]उत २१:२४, यहो ९:१५, १राज १:२९-३०, रोम १:९, २कोर १:२३

सवालः का हम्रे सन्त ओ औरे परानहुइल चिजनके नाउँम किरिया खाइ सेक्थि ?

जबाफः अहँ नाइसेक्थि ।

सँच्के गवाहि देहुइया मोर मनहिन (हृदय) जन्थैं ओ झुँथ किरिया खाइलमा सजाय देथैं ।

कौनो फेन परानहुइल चिज परमेसोरके हस अइसिन मान पैन मेरके नाइ हो ।

[1]रोम ९:१, २कोर १:२३: [2]मति ५:३४-३७, २३:१६-२२, याक ५:१२

परभुक दिन ३८:अर्हाइल चार बात

१०३. सवालः अर्हाइल चार बातेम तुहारतन परमेसोरके का मन बा ?

जबाफः पहिल,

खुसिक खबरके सेवा ओ एकर ज्ञान जोगाके धर्ना,[१]

ओ खास कैके बिसैना दिनेक खुसिहालिम,[२]

परमेसोरके अँख्रा सिख्ना,[३]

पबितर रितमा मिलेक तन,[४]

परमेसोरहिन लेँहरा सँगे परथना करेकतन,[५]

ओ गरिबनतन ख्रिस्तके भेति नानेकतन,[६]

मै परमेसोरके मनैनके जुतेहलम तयार होके मिल्थुँ ।

दोसर,

मोर जिन्गिक सक्कु दिनेम मै मोर खराब दगरसे बिसैथुँ,

हुँकार अर्हाइल बातसे परभु मोर जिन्गिम काम करैं,

ओ अस्तहिँके जिन्गक पाछेघरि बिसैना सुरु हुइ ।[७]

[1]व्य ६:४-९, २०-२५, कोर ९:१३-१४, २तोमो २:२[क्ष] ३:१३-१७, तित १:५ [2]व्यव १२:५-१२, भज ४०:९-१०; ६८:२३, प्रे २:२-४७, हिब्रु १०:२३-२५: [3]रोम १०:१४-१७, १कोर १४:३१-३२, १तिमो ४:१३: [4]१कोर ११:२३-२५: [5]कल ३:१६, १तिमो २:१: [6]भज ५०:१४, १कोर १६:२, २कोर ८ र ९ : [7] यसै ६६:२३, हिब्रु ४:९-११

परभुक दिन ३९ : अर्हाइल पाँच बात

१०४. सवालः अर्हाइल पाँच बातेम तुहुरतन परमेसोरके का मन बा ?

जबाफः मै मोर बप्पा, दाइ ओ मोरपर राज करुहुइया सक्कु हकपाइल मनैन मान करुँ, पिरेम करुँ ओ बिस्वास करे सेकुँ ।

अर्हाइल मजा बातसँगे हुँकार बर्हिया सिच्छा ओ कहलस मन्नाओर अपनहिन सौंके सेकुँ,[१]

ओ ओइनके नाइकरेसेक्नम फेन मै धिरज धारेसेकुँ,[२]

हुँकारओरसे परमेसोर हम्रनपर राज करेक खोज्थैं ।[३]

[१]प्रस २१:१७, हितो १:८; ४:१, रोम १३:१-२, एफि ५:२१-२२; ६:१-९; कल ३:१८-४:१ [२]हितो २०:२०; २३:२२, १पत्र २:१८ [३]मति २२:२१, रोम १३:१-८, एफि ६:१-९, कल ३:१८-२१

परभुक दिन ४० अर्हाइल छौ बात

१०५. सवालः अर्हाइल छौ बातेम तुहारतन परमेसोरके का मन बा कौनो जातिक कामसे-

रानपरोसिन चेप्ना, बेइजत, हेल्हा वा हत्या कर्ना नाइ हो,

मने अस्ते कामेम कोक्रोसँग फेन नाइ लग्ना,[१]

मै मोरमा रहल बदलक सक्कु सोँचहिन दुरे धारेपरथ ।[२]

ओ मै अप्नेहिन खराबि कर्नाहिन कि हेचक्रइसे खतरमपर्ना काम फेन नाइ कर्ना हो ।[३]

हत्याहिन रोंकेकतन सरकार हाँथहँथियारसे तयार हुइल रहथैं ।[४]

[१]उत ९:६, लेबि १९:१७-१८, मति ५:२१-२२ २६:५२: [२]हितो २५:२१-२२, मति १८:३५, रोम १२:१९, एफि ४:२६: [३]मति ४:७; २६:५२, रोम १:११-१४ [४]उत ९:६, प्रस २१:१४, रोम १३:४

१०६.सवालः का यि अर्हाइल बात देँहेक हत्यक बारेम केल बताइथ ?

जबाफः हत्या नाइकरहो कैहके परमेसोर हम्रन यि सिखैथैँ कि एकर जर जर्ना हेल्हा, रिस, बदलालेहना सोँच जिहिन उ हेल्हा कथैँ ।[1]

परमेसोरके हेराइम यि सक्कु (जर्ना, हेल्हा, रिस, बदलालेहना सोँच) हत्यक दोसर-दोसर रुप होँइ ।[2]

[1]हितो १४:३०, रोम १:२९, १२:१९, गला ५:१९-२१, १योआ २:९-११ [2]१योआ ३:१५

सवालः का हमार रानपरोसिन कौनो मेरसे फेन हत्या नाइ कर्ना चाहलहस बा ?

जबाफः अहँ नाइ हो ।

जर्ना, हेल्हा, ओ रिसहिन हेल्हा कैके,

परमेसोर हम्रन कहथैँ कि

हम्रे हमार रानपरिसिन अप्ने हस पिरिम करेक परथ,[1]

रानपरोसिन ओर धिरज, सान्त, सोझ

दारज ओ ओइन ओर सँघरियनहस मन हुइकपरथ ।[2]

सेकततक ओइन खतरमसे जोगाइक परथ,

ओ हमार बैरिन फेन निक करेक परथ ।[3]

[1]मति ७:१२; २२:३९, रोम १२:१०: [2]मति ५:३-१२, लुका ६:३६, रोम १२:१०,१८; गला ६:१-२, एफि ४:२, कल ३:१२, १पत्र ३:८ [3]प्रस २३:४-५, मति ५:४४-४५, रोम १२:२०-२१ (हितो २५:२१-२२)

परभुक दिन ४१: अर्हाइल सात बात

१०८. सवालः अर्हाइल सात बात का सिखाइथ ?

जबाफः परमेसोर सक्कु घिनहुन कामेक बिरोध कथैँ ।[1]

उहेमारे हम्रे अइसिन बातहिन पुरै हेल्हा करेक परथ[2]

ओ कि भोजहुइल कि बिनाभोजहुइल

सक्कुजे सँच्चा ओ मजा जिन्गि जिएकपरथ ।[3]

| |
|---|
| [1]लेबि १८:३०, एफि ५:३-५: [2]योआ २२:२३: [3]१कोर ७:१-९, १थेस ४:३-८, हिब्रू १३:४ |

१०९. सवालः का परमेसोर यि अर्हाइल बातेम, रन्डिबाजि, जैसिन बिनालाजेक पापेक किल नाइकर्ना कैहके कहले बातैं ?

जबाफः हम्रे देँह ओ परान दुनुम पबितर आत्मक मन्दिल हुइ, जिहिन परमेसोर सुग्घर ओ पबितर हुइल चहथैँ ।

यिहेमारे घिनहुन काम, हेराइ, बोलि, सोँचाइ कि मन [1] ओ ओकरओर किहनो उस्कैना सक्कु चिजहिन[2] परमेसोर नाइ करे कहथैँ ।

| |
|---|
| [1]१कोर १५:३३. एफि ५:१८. [2]मति ५:२७:२९. १कोर ६:१८-२०. एफि ५:३-४ |

परभुक दिन ४२: अर्हाइल आथ बात

११०. सवालः अर्हाइल आथ बातेम परमेसोर का नाइ करेक कहथैँ ?

जबाफः परमेसोर कानुनसे सजाय हुइना चिरि डाँकैतिहिन केल नाइ करो कहथैँ ।[1]

मने परमेसोरके हेराइम चोरि कहलेक

हमार रानपोसिनके बिरोधेम सोँचबनाइलहस कानुकमा कहलहस देख्ना[2] मोर कैना

छलकपत ओ फताहसः

वजन, साइज, कि नम्मा चाकलमा नापे जोखेवेर छलकना बाँत; छलकैके लेहनादेहना;

छलके रुपियापैँसा;

एकदमधेर ब्याजदर;

कि परमेसोरसे करेनाइ हुइना कहल आउर कौनो दगर ।[3]

यि छोरके उ सक्कु लोभ[४]

ओ हुँकार बरदानहिन जहैतहै नाइ चलैना कैहके कहथैँ ।[५]

[१]प्रस २२:१, १ कोर ५:९-१०; ६:९-१०: [२]मिका ६:९-११, लुका ३:१४, याकु ५:१-६: [३]व्य २५:१३-१६, भजन १५:५, हितो ११:१; १२:२२, इज ४५:९-१२, लुका ६:३५: [४]लुका १२:१५, एफि ५:५: [५]हितो २१:२०क्ष २३:२०-२१, लुका १६:१०-१३

१०१. सवालः यि अर्हाइल बारेम परमेसोर तुहिन कौन बात मङ्थैँ ?

जवाफः मै मोर रानपरोसिन के निक करेकतन

अप्ने करे सेक्ना काम करुँ

जस्ते औरेजे महिन करैँ कैहके मै चहथुँ,

मै फेन औरेजनहन ओस्तहिँ करुँ,

ओ पुरा बिस्वाससे काम करुँ,

जेकरओरसे मै जरुरिहुइल मनैनसँग बाँतचुँत करे सेकुँ ।[१]

[१]यसै ५८:५-१०, मति ७:१२, गला ६:९-१०, एफि ४:२८

परभुकदिन ४३: नौ अर्हाइल बात

११२. सवालः अर्हाइल नौ बातेक कहेक खोज्लेक का हो ?

जबाफः मै केक्रो बिरोधेम कब्बु फेन झुँथ गवाहि नाइदिउँ,

केक्रो बात नाइ कौँहकाउँ,

न केक्रो बात कातुँ कि फतरङ्ग नाइ करुँ

एकचोत्ते कि बर्हियासे बिना सुन्ले[१]

किहनो खोत देखैना कामेम मै नाइ मिलुँ ।

न्याय कर्ना जग्गम ओ औरे सक्कु जग्गम,

मै झुँथ बोल्ना ओ सक्कु मेरके छलकपतसे दुरे रहेकपरथ;

यि बात सैतानके काम कर्ना तरिका होँइ,

जे मोरपर परमेसोरके तातुल रिस नानथ ।[२]

नै सँच्चाहिन पिरेम करेक परथ,

एकर बारेम बुझना मेर बोलेकपरथ

ओ खुल्लमखुल्ला मानेक परथ ।[३]

ओ मै मोर रानपरोसिनके बर्हिया पैहचानहिन बचैना ओ आगे बर्हैना

अप्ने करे सेक्ना सक्कु काम करेकपरथ ।[४]

[१]भजन १५, हितो १९:५, मति ७:१, लुका ६:३७, रोम १:२८-३२: [२]लेबि १९:११-१२, हितो १२:२२; १३:५, योआ ८:४४, प्रका २१:८: [३]१कोर १३:६, एफि ४:२५: [४]१पत्र ३:८-९; ४:८

परभुक दिन ४४:अर्हाइल दस बात

११३. सवालः अर्हाइल दस बातसे कहेक खोज्लेक का हो ?

जबाफः परमेसोरके एकथो फेन अर्हाइल बातेक उल्ता मोर हृदयम एकदम छोत बिचार कि मन फेन नाइउबे ।

एकर सतहम, हमार सक्कु मनसे पापिहिन सदिमान हेल्हा करेकपरथ ओ जा निक बा उहे बातेम खुसि हुइक परथ ।[१]

[१]भज १९:७-१४; १३९:२३-२४, रोम ७:७-८

११४. सवालः मने का परमेसोरमा बदलल मनै यि अर्हाइल बातहिन सक्कु माने सेक्हिँ ?

जबाफः अहँ नाइसेक्हिँ ।

यि जिन्गिम एकदम पबितरसँग फेन

यि कलह नाइमनलेक छोतमोत सुरुकेल हो ।[१]

तभुनफेन, ओइनके गहिँर मनसे

परमेसोरके यि सक्कु अर्हाइल बातहस जिन्गि जिए सुरु करेक परथ ।[२]

[१]उप ७:२०, रोम ७:१४-१५, १ कोर १३:९, १ योआ १:८-१० [२]भज १:१-२ रोम ७:२२-२५, फिलि ३:१२-१६

११५. सवालः यि जिन्गिम कोइ फेन यि दस अर्हाइल बातहिन पुरा माने नाइ सेक्थैँ कहलेसे काकरे परमेसोर यि अर्हाइल बातहिन फरछुवारसे परचार करल चहथैँ ?

जबाफः पहिल,

हम्रे जत्रा धेर दिन जिथि

अत्रे धेर हम्रे हमार पापिनके बारेम पतापाइ सेकि

ओ हमार पाप माफि ओ धामिकतकतन

ख्रिस्तहिन आउर जोससे हेरे सेकि ।[१]

दोसर,

परमेसोरके हस धेर आउर-आउर लावा हुइकतन,

जबतक हम्रे यि जिन्गिक पाछेक पबितर बिचारेम नाइपुग्बि

तबतक हम्रे मजहालेहे नाइरुकि ओ पबितर आत्मक पिरेमके तन परमेसोरके सँग (सदिमान) लगातार परथना कर्ति रहि ।[२]

[१]भज ३२:५, रोम ३:१९-२६; ७:७, २४-२५, १ योआ १:९ [२]१कोर ९:२४, फिलि ३:१२-१४, १ योआ ३:१-३

हिँसा ३ : गुना मन्ना - परभुक परथना

परभुक दिन ४५ : पैहचान

११६. सवालः इसाइन परथना कर्ना काकरे जरुरि बा ?

जबाफः काकरेकि परथना हम्रनसे परमेसोरके चाहहल

गुन मन्नक सबसे बरवार एकदम जरुरि हिँसा हो ।[१]

काकरेकि परमेसोर हुँकार पिरेम ओ पबितर आत्मा

ओइनकेल देह्थैँ जे सदिमान ( लगातार) ओ भित्तर मनके बैरागसे

परमेसोरके देहल पिरेम ओ पबितर आत्मकतन हुँकारसँग

चिरौरि कर्ति ओ धन्यबाद देहति परथना कथैँ ।[२]

[१]भज ५०:१४-१५; ११६:१२-१९, १थेस ५:१६-१८: [२]मति ७:७-८, लूका ११:९-१३

११७. सवालः कैसिन मेरके परथनासे परमेसोरहिन खुस कराइथ ओ उ सुन्थैँ ।

जबाफः पहिल,

हम्रे औरेजनहन नाइ मने अपन अँख्रम हम्रन देखाइल एक्कै थो किल सँच्चा परमेसोरहिन हमार भित्तर मनसे परथना करेक परथ ।

सँगे उ हम्रन माङ्गेक कहल सक्कु चिज मङ्ति[१] परथना करेकपरथ ।

दोसर,

हम्रे परमेसोरके चमकनहाँ ओजरारेम अप्ने हिन नलरम करैना

हमार पुरै जरुरि ओ खराबिहिन पैचान कर्हिक परथ ।[२]

तिसर,

हम्रे हुँकार यि सदिमान रहना जगमा भरोसा करेक परथः

हुइनातो हम्रे एकर लाएकके नाइ हुइलेसे फेन,

परमेसोर हमार परथना पक्कै फेन हमार परभु ख्रिस्तके ओरसे सुन्थैं ।

यिहे हम्रन परमेसोर अपन अँख्रम कौल कैले बातैं ।[3]

[1]भज १४५:१८-२०, योआ ४:२२-२४, रोम ८:२६-२७, याक १:५, १ योआ ५:१४-१५ [2]२इति ७:१४, भज २:११; ३४:१८; ६२:८, यसै ६६:२, प्रका ४ [3]दान ९:१७-१९, मति ७:८, योआ १४:१३-१४; १६:२३, रोम १०:१३, याक १:६

११८. सवालः परमेसोर हम्रन केकरतन परथना करे अर्हाइल बातै ?

जबाफः हम्रन जरुरि हुइना सक्कु आत्मिक ओ सेख्रा चिजेक तन,

जस्ते ख्रिस्त हमार परभु अप्ने सिखाइल परथम मिलथ ।

[1]याक १:१७; मति ६:३३

११९. सवालः परभुक सिखाइल परथना का हो ?

जबाफः ए हमार पब्वा, सोर्गम बातैं,

तुहार नाउँ पबितर हुइ,

तुहार राज आइ

तुहार मन सोर्गम जैसिन बा

ओस्तहिँ यि भुँइयँम पुरा हुइ ।

हम्रन आज हमार (सदिमानके) रोजदिनिक खैना देउ ।

हमार पाप माफ कैदेउ,

जैसिक हम्रन मजहम नाइपरेदेउ,

मने खराबसे छुताउ ।

काकरेकि राज, पराक्तम (बरवार काम) ओ मान

सदिमान तुहारे होइँ । आमिन ।[1]

[1]मति ६:९-१३, लुका ११:२-४

परभुक दिन ४६: हमार सोर्गम रहुइया बप्पा

१२०.सवाल. ख्रिस्त हम्रन परमेसोरहिन "हमार बप्पा" कैहके मान करेक काकरे अर्हैंनै ?

जबाफः हमार परथनक सुरुइम परथनक तन हुइहिक पर्ना बात परमेसोरकेओर लर्कानहस बिस्वास कर्ना ओ भरोसा करेक परथ कैहके बुझैना-

ख्रिस्तसे परमेसोर हमार बप्पा हुइल बातैं ओ जैसिक हमार बप्पादाइ यि जिन्गिक बात हम्रन देहेक नाइ देहेक मन कथैं, ओस्तहिँके हुँकारसँग बिस्वाससे मङ्गुइयन आउर धेर कैके (दिहिँ) देहथैं ।

[1]मति ७:९-११, लुका ११:११-

१२१.सवालः "सोर्गम रहुइया" कहना अँख्रा काकरे जरुरि बा ?

जबाफः यि अँख्रा हम्रन परमेसोरके सोर्गम हुइलहस भुँइयाँ जस्ते नाइ सोँच्ना,[1]

ओ उ सबसे सक्तिसालि सामथ्र्यसे देँहओ परानकेतन

सक्कु चिजेक आस करेक सिखाइथ [2]

[1]यर २३:२३-२४, प्रे १७:२४-२५: [2]मति ६:२५-३४, रोम ८:३१-३२

परभुक दिन ४७:पहिल चिरौरि

१२२. सवालः पहिल चिरौरिक मतलब का हो ?

जबाफः "तुहार नाउँ पबितर हुइ" के मतलब

तुहिन बर्हियासे चिन्हाँ,[1]

ओ तुहार सक्कु कामेकतन

ओ ओइनमसे जस्कातस बिल्गैना सक्कु चमकनहाः

तुहार सबसेसक्तिसालि सामर्थ्य, बुद्धि, दारज, न्याय, माया ओ सँच्चकतन[२] तुहिन इज्जत कर्ना, मान ओ बर्हाइचर्हाइ कर्ना हम्रन सहेता करो कहना हो ।

ओ एकर मतलब,

हमार सक्कु जिनातरिका-

हमार बिचार, बोलि, ओ कामहिन

दगरदेखैना सहेता करो,

मनोकि हमार ओरसे तुहार नाउँ कब्बुफेन हेल्हा नाइ हुइ मने सदिमान बर्हाइचर्हाइ ओ मान हुइतिरहे ।[३]

[१]यर ९:२३-२४; ३१:३३-३४, मति १६:१७, योआ १७:३: [२]प्रस ३४:५-८, भज ४५; यर ३२:१६-२०, लुका १:४६-५५, ६८-७५, रोमि ११:३३-३६: [३]भजन ११५:१, मति ५:१६

परभुक दिन ४८:दोसर चिरौरि

१२३. सवालः दोसर चिरौरिक मतलब का हो ?

जबाफः "तुहार राज आइ" के मतलब,

तुँहार अँख्रा ओ आत्मासे हम्रन यि मेरके राज करो

कि हम्रे अभिन तुहार सहारम (इसारम) अपनहिन

सौँके सेकि[१] कहना हो ।

तुहार मण्डलिहिन बचाके धर्हो ओ यिहिन बर्हाउ ।[२]

दियाबलसके (सैतानके) कामहिन नास करो,

तुहार बिरोधेम करुइया सक्कु सक्तिहिन

ओ तुहार अँख्रक बिरोध करुइया सक्कु जालहिननास करो ।[३]

तुहार राज पुरा नाइ आइततक यि काम कर्हो (करो),

जबकि तुँ सक्कु चिजिक सबसे बरवार हुइबो ।[४]

[१]भज ११९:५, १०५; १४३:१०, मति ६:३३: [२]भज १२२:६-९, मति १६:१८; प्रे २:४२-४७: [३]रोम ८:२२-२३, १ कोर १५:२८, प्रका २२:१७,२०

परभुक दिन ४९: तिसर चिरौरि

१२४. सवालः तिसर चिरौरिक मतलब का हो ?

जबाफः "तुहार मन सोर्गम जस्ते बा ओस्ते यि भुइयम पुरा हुइ"

के मतलब,

हम्रे ओ सक्कु मनैन हमार अप्ने मनहिन नाइ मन्ना ओ बिना मुँह घमैले तुहार मन करे सहेता करो कहना हो ।

तुहार मन केल बर्हिया बा ।[१]

सोर्गम रहुइया सोर्गदुतजस्ते[२] उत्सुक (तयार) ओ बिस्वाससे हम्रे सकुहिन देहल[३] काम करे सहेता करो ।

[१]मति ७:२१; १६:२४-२६, लुका २२:४२, रोमि १२:१-२, तित २:११-१२
[२]१कोर ७:१७-२४, एफि ६:५-९: [३]भज १०३:२०-२१

परभुक दिन ५०: चारु चिरौरि

१२५. सवालः चार चिरौरिक मतलब का हो ?

जबाफः "हम्रन आज हमार रोजदिनिक खैना देउ" के मतलब,

हमार सक्कु देँहेक जरुरिहिन मतलब करो[१]

जेकर ओरसे बर्हिया कामेक मोहरा (जर) तुहिँकेल बातो,[२]

ओ तुहार आसिसबिना न तो काम ओ चिन्ता (पिर)

न तो तुहार बरदानसे

हम्रन कुच्छु बाहिया करे सेकथ कहना पता पैना हो ।[३]

ओ उ हुइल (बनल चिजपर) चिजोपर भरोसा नाइ कैके खालि

तुहारमा केल भरोसा करे हम्रन सहेता करो ।[४]

[१]भज १०४:२७-३०; १४५:१५-१६, मति ६:२५-३४: [२]प्रे १४:१७; १७:२५, याक १:१७ [३]व्य ८:३, भजन ३७:१६; १२७:१-२, १ कोर १५:५८ [४]भजन ५५:२२; ६२; १४६, यर १७:५-८, हिब्रु १३:५-६

परभुक दिन ५१: पाँच चिरौरि

१२६. सवालः पाँच चिरौरिक मतलब का हो?

जबाफः "हमार पाप माफ कैदेउ,

जैसिक हम्रे फेन अपन बैरिन माफ कैले बाति" के मतलब हो,

हम्रे कङ्गाल पापि, हमार पाप

कि हमारमा सदिमान (लगातार) खराबि रहलेसे फेन,[१]

ख्रिस्तके खुनेक ओरसे हमार बिरोधेम नाइलेउ ।

हम्रन माफ कैदेउ जैसिक हमारमा रहल तुहार पिरेमके परमान रुपमा,

हमार रानपरोसिन माफि देहे हम्रे पुरामनसे लागल बाति ।[२]

[१]भज ५१:१-७; १४३:२, रोम ८:१, १योआ २:१-२: [२]मति ६:१४-१५; १८:२१-३५

परभुक दिन ५२: छौ चिरौरि ओ फारा

१२७. सवालः "हम्रन मजहम परे नाइदेउ,

मने खराबसे बचाउ" के मतलब हो,

हम्रे अप्ने अत्रा कमजोर बाति हम्रे कुच्छु घरिकतन थर्हियाइ

नाइ सेक्थि ।[१]

ओ हमार चोम्मर बैरिँ-

सैतान,[२] दुनियाँ, [३]ओ अप्ने देँह-[४]

हम्रन जबरजस्ति करे कब्बुनाइ रुक्थैँ ।

उहेमारे परभु,

तुहार पबितर आत्मक सामर्थ्यसे

हम्रन सवाँरो ओ बलगर बनाउ,

जेकर ओरसे पुरा नाइ जिततक

हमार बैरिनके हिरगरसे बिरोध करे सेकि ।[६]

[१]भज १०३:१४-१६, योआ १५:१-५: [२]२कोर ११:१४, एफि ६:१०-१३, १पत्र ५:८, [३]योआ १५:१८-२१: [४]रोम ७:२३, गला ५:१७: [५]मति १०:१९-२०; २६:४१, मार्कोस १३:३३; रोम ५:३-५: [६]१ कोर १०:१३, १ थेस ३:१३; ५:२३

१२८. सवालः यि परथनाहिन तुँ कैसि ओरवैथो ?

जवाफः "काकरेकि राज, पराक्रम (बरवार) ओ मान

सदिमान तुहारे होँइ," एकर मतलब हो-

हम्रे यि सक्कु चिरौरि तुहार थन कैले बाति काकरेकि तुँ

हमार सबसेसक्तिसालि रज्वा हो,

तुँ सक्कु निक चिज हम्रन देहना मन ओ पोर्ह फेन बातो,[१]

ओ हमार नाइ हो, मने तुहार पबितर आत्मक नाउँक मान सदिमान हुइ ।[2]

[1]रोम १०:११-१३, २ पत्र २:९: [2]भज ११५:१, योआ १४:१३

१२[illegible] ?

जबाफः “आमिन” के मतलब हो,

यि पक्कै फेन हुइ ।

यि आउर पक्का बाकि

मै धेर मनसे कैल चिरैरिसे फेन धेर परमेसोर मोर परथना सुन्थैँ ।[1]

[1]यसै ६५:२४, २ कोर १:२०, २ तिमो २:१३